Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 132 | गुरूवार, 15 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### करेर्गुट्टा से नक्सल के खात्मे पर बोले अमित शाह

## जिस पहाड़ पर लाल आतंक का राज था, वहां शान से तिरंगा लहरा रहा



■ मध्य प्रदेश, एजेंसी

इस सप्ताह छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेर्गुट्टा पहाड़ी पर 31 माओवादियों को मार गिराया गया जो भारत के सबसे बड़े माओवादी विरोधी अभियान का परिणाम है। सूत्रों ने बताया कि इस अभियान में 450 आईईडी और 40 हथियार भी बरामद किए गए। अभियान को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। सूत्रों ने बताया कि भारी मात्रा में गोला-बारूद, डेटोनेटर और विस्फोटक उपकरणों के अलावा 12,000 किलोग्राम अन्य सामग्री जैसे कि दवा और बिजली के उपकरण भी जब्त किए गए। बुधवार को एक एक्स पोस्ट में, शाह ने कहा, 'एक समय लाल आतंक से शासित पहाड़ी, अब गर्व से तिरंगा लहराती है', और मार्च 2026 तक माओवाद को खत्म करने के सरकार के संकल्प को रेखांकित किया। शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहाँ आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। कुर्रगुट्टालू पहाड़ PLGA बटालियन 1, DKSZC, TSC & CRC जैसी बड़ी नक्सल संस्थाओं का एकीकृत मुख्यालय था, जहाँ नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे।

अमित शाह ने कहा कि नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और मुझे अत्यंत हर्ष है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में एक भी हानि नहीं हुई।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना की वर्दी में दिखे संदिग्ध



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक गांव में संदिग्ध लोगों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार को सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। यह कार्रवाई घघवाल और आसपास के क्षेत्रों में की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एक स्थानीय महिला ने पुलिस को बताया कि दो व्यक्ति सेना की वर्दी में उसके घर आए और पानी मांगा। पानी पीने के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने 'कैम्प' लौट रहे हैं और वहां से चले गए। महिला को उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घघवाल और उससे लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है और किसी भी अनजान व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

### तलाशी अभियान शुरू

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों की पहचान या मौजूदगी की पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है, लेकिन इलाके में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। घर-घर तलाशी के साथ ही जंगल और सुनसान इलाकों में भी जांच जारी है।

**सेना की वर्दी में छिप सकते हैं** : हाल ही में जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशों में बढ़ोतरी देखी गई है। ऐसे में इस तरह की किसी भी सूचना को गंभीरता से लिया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि सेना की वर्दी पहनकर आतंकवादी ग्रामीण इलाकों में छिपने की कोशिश कर सकते हैं। गांव वालों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी अजनबी को अपने घर में न घुसने दें और ऐसे मामलों में बिना देरी किए प्रशासन को सूचित करें। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां ऑपरेशन के दौरान डॉग स्क्वॉड और ड्रोन जैसी तकनीक का भी इस्तेमाल कर रही हैं। हरियाणा पुलिस ने पानीपत जिले से एक संदिग्ध जासूस को गिरफ्तार किया है, जो कथित रूप से पाकिस्तान में कुछ लोगों को संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए युवक का नाम नौमान इलाही (24 वर्ष) है, जो उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है और पानीपत में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था

### ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर सीएम योगी ने पाकिस्तान पर बोला बड़ा हमला

## जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा : योगी

■ लखनऊ, एजेंसी।



**ऑपरेशन** सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए लखनऊ में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये यात्रा सीएम के सरकारी आवास निकली। इस यात्रा में सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए लखनऊ में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये यात्रा सीएम के सरकारी आवास निकली। इस यात्रा में सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया।

सीएम योगी ने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। सीएम योगी ने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी आज तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इस यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी आज तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इस यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। सीएम योगी ने कार्यक्रम में देश के दुश्मनों को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा, भारत की तरफ जो अंगुली उठाएगा, उसने जनाजेमें कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। इस दौरान सीएम योगी ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए, यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम योगी ने कार्यक्रम में देश के दुश्मनों को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा, भारत की तरफ जो अंगुली उठाएगा, उसने जनाजेमें कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। इस दौरान सीएम योगी ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए, यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम योगी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि, पाकिस्तान विफल राष्ट्र है। आजादी के 70-75 साल बाद भी उसने सिर्फ आतंकवाद के बीज बोए हैं। आतंकवाद पाकिस्तान को एक दिन निगल जाएगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

### मणिपुर के चंदेल जिले में 10 सशस्त्र कैडर ढेर; हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर में एक अभियान के दौरान सेना को बड़ी कामयाबी मिली। मणिपुर के चंदेल जिले में सैनिकों पर संदिग्ध सशस्त्र कैडरों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई के दौरान 10 कैडरों को मार गिराया। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन अभी भी जारी है। चंदेल जिले के न्यू समतल गांव में संदिग्ध गतिविधि की खुफिया सूचना मिली सेना की पूर्वी कमान ने एक एक्स पोस्ट में लिखा, 'भारत-म्यांमार सीमा के पास चंदेल जिले के खेंगजॉय तहसील के न्यू समतल गांव के पास सशस्त्र कैडरों की आवाजाही की विशेष खुफिया जानकारी मिली।' भारत और म्यांमार की सीमा पर मणिपुर के चंदेल जिले में इस अभियान के बारे में भारतीय सेना ने बताया कि स्पीयर कोर के तहत आने वाली असम राइफल्स की इकाई ने 14 मई 2025 को एक ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों पर संदिग्ध कैडरों ने गोलीबारी की। सेना ने बताया कि सुरक्षाबलों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और जवाबी कार्रवाई के दौरान हुई गोलीबारी में 10 कैडरों को मार गिराया गया।

## फुटपाथ पैदल चलने वालों का संवैधानिक हक : सुप्रीम कोर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों के लिए उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया है। शीर्ष न्यायालय ने इसे लोगों का संवैधानिक अधिकार बताया है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनके साथ दुर्घटना होने की आशंका होती है। पीठ ने कहा कि नागरिकों के लिए उचित फुटपाथ का होना आवश्यक है। ये ऐसे होने चाहिए कि जो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों और इन पर से अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। न्यायालय का मानना है कि पैदल यात्रियों को फुटपाथ का इस्तेमाल करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिना अवरोध वाले फुटपाथ का अधिकार निश्चित रूप से एक आवश्यक विशेषता है। दो महीने के भीतर रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया पीठ ने केंद्र को पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने दिशानिर्देश दो महीने के भीतर रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया।

### पैदल मार्गों पर अतिक्रमण के मुद्दों पर जोर दिया

कोर्ट ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के लिए केंद्र को छह महीने का समय दिया तथा स्पष्ट किया कि इससे अधिक समय नहीं दिया जायेगा।

## बीजेपी नेता बब्बन सिंह रघुवंशी का डांसर के साथ अश्लील हरकत करते वीडियो वायरल



**बलिया।** बलिया जिले से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और द सहकारी चीनी मिल के चेयरमैन बब्बन सिंह रघुवंशी एक बारात में डांसर के साथ आपत्तिजनक हरकत करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बब्बन सिंह बारात के दौरान स्टेज पर डांस करने वाली एक महिला डांसर को अपनी गोद में बैठाकर अश्लील हरकत करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो करीब 20 दिन पुराना है। हालांकि, इस पर अब विवाद शुरू हो गया है। वीडियो पर अपनी सफाई देते हुए बब्बन सिंह रघुवंशी ने दावा किया है कि यह पूरी घटना एक साजिश के तहत वायरल की गई है ताकि उनकी छवि खराब की जा सके। उन्होंने कहा, 'करीब एक महीने पहले मैं बिहार में एक बारात में गया था। उस बारात में बांसडीह से बीजेपी विधायक केतकी सिंह के पति भी मौजूद थे। यह पूरा मामला उनकी साजिश है।' रघुवंशी ने आगे कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के रिश्तेदार हैं और वर्ष 1993 में बांसडीह विधानसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह आगामी चुनाव के लिए टिकट के दावेदार हैं और इसी वजह से उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है।

### उत्तर प्रदेश में सियासी पारा चढ़ा

ऑर्केस्ट्रा लड़की के साथ भाजपा नेता के अनुचित व्यवहार वाले वीडियो ने उत्तर प्रदेश में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। फुटेज को विपक्षी नेताओं ने शेयर किया और बब्बन सिंह की आलोचना की है। समाजवादी पार्टी के नेता पंकज राजभर और कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत दोनों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वीडियो शेयर किया और भाजपा नेता के व्यवहार की निंदा की।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह पर एफआईआर



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के खिलाफ महू तहसील स्थित मानपुर थाने में एफआईआर फर्दज कर ली गई है। यह कार्रवाई कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद की गई है।

विजय शाह के खिलाफ यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की तीन गंभीर धाराओं झ धारा 152, 196(1)(b) और 197(1)(c) के अंतर्गत दर्ज की गई है। हालांकि मंत्री ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ आज यानि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। मंत्री विजय शाह ने सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक बयान दिया था। विजय शाह ने एक सभा में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम लिए बिना पाकिस्तानी आतंकियों को लेकर कहा था कि 'हमने उनकी बहन भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।'

**हाईकोर्ट की सख्ती** : इस विवादित बयान को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया था। कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 4 घंटे के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। जस्टिस अतुल श्रीधरन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि विजय शाह पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। अदालत ने इस मामले में राज्य के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को भी सख्त निर्देश जारी किए हैं और कहा कि किसी भी स्थिति में एफआईआर दर्ज होनी ही चाहिए।

### सात साल तक की हो सकती है जेल

एफआईआर में जिस धारा 152 इठर को शामिल किया गया है, वह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों के खिलाफ है। इस धारा के अंतर्गत जीवनकाल तक की सजा या अधिकतम सात वर्ष की जेल हो सकती है। धारा 196(1)(b) के तहत यदि किसी व्यक्ति द्वारा धर्म, जाति, भाषा, या क्षेत्र के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने का प्रयास होता है, तो उसे तीन साल तक की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### भारतीय मूल की अनीता आनंद बनीं कनाडा की विदेश मंत्री

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा घोषित नये मंत्रिमंडल में भारतीय-कनाडाई अनीता आनंद और मनिंदर सिद्धू को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि सिद्धू को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया गया है।

## कनाडा के मिसीसागा में पंजाबी कारोबारी हरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या

**गुरमलकियत सिंह काहलों, वैंकूवर।** कनाडा के मिसीसागा शहर की डैरी रोड के पास टेलफोर्ड वे इलाके में पंजाबी मूल के कारोबारी हरजीत सिंह ढड्डा (उम्र 50 वर्ष) की अज्ञात हमलावरों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान आधिकारिक रूप से उजागर नहीं की है, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने पुष्टि की है कि मारे गए व्यक्ति की पहचान हरजीत सिंह ढड्डा के रूप में हुई है। हरजीत सिंह अपने कार्यालय के बाहर खड़ी कार के पास पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए खड़े हमलावरों ने उन पर करीब 15-16 गोलियां चला दीं। आसपास खड़े लोग अपनी जान बचाकर भाग खड़े हुए। गंभीर रूप से घायल ढड्डा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पील पुलिस के प्रवक्ता माइकल स्टैफर्ड ने बताया कि मामला जांच अधिकारियों को सौंपा गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों का सुराग मिल सके। एक चश्मदीद ने बताया कि एक कार से उतरकर बंदूकधारी ने गोलियां चलाईं और फिर उसी कार में बैठकर फरार हो गया। वहीं, पास ही स्थित एक लॉ फर्म के कर्मचारी ने बताया कि एक गोली उनके कार्यालय में घुसकर उसकी खाली कुर्सी पर लगी।

## संपादक की कलम से

# ट्रंप हमारे ठेकेदार नहीं

क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाकिस्तान के मसलों के ठेकेदार हैं? क्या अमरीका की रणनीतिक दोस्ती के मायने और निहितार्थ यही हैं? क्या अमरीका से दोस्ती खतरनाक और दुश्मनी घातक है? आखिर ट्रंप की मध्यस्थता की मंशा क्या है? दरअसल ये तमाम सवाल स्वाभाविक हैं। युद्धविराम पर विपक्ष यही सवाल कर रहा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधनों में ह्ययुद्धविरामह्व या ह्यसीजफायरह्व शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है, लेकिन गोलीबारी न करने अथवा सैन्य कार्रवाई न करने का समझौता दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुआ है। जाहिर है कि संबद्ध प्रधानमंत्री ने ऐसे निर्देश दिए होंगे! फिलहाल हमलों की गर्जनाएं दोनों तरफ शांत हैं। यही तो युद्धविराम है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि भारत-पाक द्वारा अधिकृत घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा कैसे कर दी? और प्रधानमंत्री मोदी इस पर बयान देकर संदेहों और सवालों को खत्म क्यों नहीं कर रहे हैं? हमें 1971 का दौर भी याद आ रहा है, जब 16 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अचानक युद्धविराम की घोषणा कर दी थी। भारत-पाकिस्तान युद्ध जारी था और हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान की फौज का कचूमर निकाल दिया था। करीब 93,000 पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। तब भी भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आगे बढ़ सकती थी। भारत अपने कब्जाए कश्मीर को वापस अपने अधिकार-क्षेत्र में ले सकता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने युद्ध को रोक दिया। यही नहीं, 1972 में शिमला समझौता वार्ता में भी कश्मीर का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मौजूदा दौर में भी ऐसे ही सवाल हैं कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर तक पहुंच कर अपना हिस्सा वापस ले सकता था, पाक फौज को और भी कुचला और तबाह किया जा सकता था, ऐसे में अमरीका की ओर से क्या दबाव दिया गया कि युद्धविराम घोषित करना पड़ा? भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी लीपापोती वाला स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो आदि ने फोन पर बातचीत की, लेकिन व्यापार संबंधी कोई बात नहीं हुई। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार की धमकी दे रहे हैं कि उसी आधार पर उन्होंने युद्धविराम के लिए भारत-पाक को सहमत कर लिया। व्यापार का संदर्भ है, तो भारत-अमरीका के बीच करीब 10 लाख करोड़ रुपए का ही कारोबार होता है। भारत करीब 6.50 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करता है, जबकि करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए का आयात किया जाता है। अमरीका और पाकिस्तान के दरमियान करीब 61,989 करोड़ रुपए का व्यापार किया जाता है। अमरीका से करीब 43,307 करोड़ रुपए का आयात पाकिस्तान करता है। छोटा हिस्सा पाकिस्तान निर्यात करता है। क्या सिर्फ इसी आधार पर कोई देश युद्धविराम सरीखा अमरीकी निर्देश मान सकता है? भारत-अमरीका के बीच व्यापार-सौदे की बातचीत जारी है। दोनों देश अपना कारोबार 500 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। चीन के साथ व्यापारिक खुन्नस के मद्देनजर दक्षिण एशिया में भारत ही एकमात्र विकल्प है अमरीका के लिए। इतने विराट बाजार को अमरीका नाराज नहीं कर सकता।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह

## देश में छुपे गद्दार



### कविता

दिल में सब के तुफ़ान है आँखों में बसा अंगार
देश के अन्दर कुछ कोढ़ हैं जो हैं वतन गद्दार
खाते अन्न हैं हिन्द के पर कर रहे हैं ये प्रतिकार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की बाहर करो सरकार

देश की शौर्य पर जो सवाल करे कौन दिया अधिकार
वतन की सुरक्षा व सरकार पे करता रहता ये प्रहार
दुश्मन की भावना को अभिव्यक्त करे बन्द करो विचार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की इन्हें बाहर करो सरकार

सत्ता की लालच में ये बैठे, नहीं है जिन्हें वतन से प्यार
रग रग में मक्कारी झलकता छुपा है ये काला सियार
दुश्मन के साथ मिल चाल चलता ये है जिनका व्यापार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की इन्हें बाहर करो सरकार

फुटी आँखें जिन्हें नहीं सुहाता जिनको वर्त्तमान सरकार
माल मलाई खाने की जिनकी बन्द हुई यहाँ बाजार
दुश्मन से मिल बैठे हैं गले में डाले हार करते उनके जयकार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की इन्हें बाहर करो सरकार

कुर्सी पाने की होड़ में ये करते छद्म छल कपट का रोजगार
कोई कारोबार नहीं पर जमा है अकूत धन जिन्हें। अपार
जन मानस की हक लुट कर महल में बैठे इनकी संसार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की इन्हें बाहर करो सरकार

जनता से ना कोई प्यार इन्हें ना जन भावना से सरोकार
माल कमाना उदेश्य जिनका. राजनीति जिनका आधार
मादरे वतन से ना प्यार है ना करते वतन की जयकार
चिन्हित हो ऐसे जयचन्द की इन्हें बाहर करो सरकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल



गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा। पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है।

मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं।

जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है। मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरे भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में आया उछाल है। इनके चलते भारत में नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति भी पुनः रफ्तार पकडेगी। ताजा घटनाक्रम से भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

# पश्चिम बंगाल के इन बीचेज पर पार्टनर संग बिताएं रोमांटिक पल, यादगार होगा हर लम्हा

पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं। घूमने के शौकीन लोग अक्सर घूमने का प्लान बनाते हैं। वहीं कपल्स घूमने के लिए किसी ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकें। जब कपल्स रोमांटिक और सुकून भरा पल बिताने के लिए किसी जगह की तलाश करते हैं, तो उनकी लिस्ट में मनमोहक और खूबसूरत बीचेज भी शामिल रहता है। पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।



**दीघा बीच:** पश्चिम बंगाल में स्थित सबसे रोमांटिक और खूबसूरत बीच घूमने के लिए कई कपल्स सबसे पहले दीघा बीच पहुंचते हैं। यह बीच पूरे पश्चिम बंगाल का भी मुख्य आकर्षण का केंद्र माना जाता है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में स्थित दीघा बीच अपनी कई चीजों के कारण रोमांटिक बन जाता है। यहां के बीचेज से सूर्योदय और सूर्यास्त के लुभावने दृश्यों के अलावा सुनहरी रेत के लिए भी फेमस है। दीघा बीच कैसुरीना के बागानों से भी घिरा है। इसलिए इस बीच को एक परफेक्ट रोमांटिक प्लेस माना जाता है।

**ताजपुर बीच:** पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में स्थित ताजपुर बीच भी काफी फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। ताजपुर बीच अपनी खूबसूरती से कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कई कपल्स सूर्योदय और सूर्योस्त के दृश्यों को देखते हुए हसीन पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर एक तरफ बंगाल की खाड़ी है, तो दूसरी ओर हरियाली है। यहां पर कपल्स वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

**शंकरपुर बीच:** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 176 किमी और दीघा से करीब 14 किमी दूर शंकरपुर बीच स्थित है। यह राज्य का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत बीचेज में से एक है। यह बीच भी राज्य के प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

शंकरपुर बीच में हर दिन दर्जन से ज्यादा पर्टयक को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कपल्स भी घूमने के लिए पहुंचते हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर कई कपल्स हसीन शामें बिताने के लिए पहुंचते हैं। आप इस बीच से बंगाल की खाड़ी की हसीन लहरों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

**उदयपुर बीच:** पश्चिम बंगाल में उदयपुर बीच पर सबसे अधिक संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस बीच को पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने और खूबसूरत समुद्री तटों में से एक माना जाता है। यह बीच सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही नहीं बल्कि ओडिशा के लिए भी आकर्षण का केंद्र माना जाता है। क्योंकि यह ओडिशा की सीमा से कुछ दूरी पर है। यहां पर दर्जनों की संख्या में कपल्स रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। उदयपुर बीच से सनसेट और सनराइज का दृश्य देखने लायक होता है।

**इन जगहों पर घूमें:** इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कई अन्य बीचेज घूम सकते हैं। यहां पर कई कपल्स पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। जैसे- पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित मंदारमणि बीच, बक्खाली बीच और डायमंड हार्बर बीच एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# व्यक्ति निस्वार्थ भाव से कर्म करे : महंत नारायण गिरी

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** शिकारपुर हाईवे पर श्री कृष्णा धाम में मुकुंद लाल के 11वें जन्म उत्सव पर प्रवचन करते हुए पंच दशनाम जूना अखाड़ा एरिना के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दूधेश्वरनाथ मंदिर गाजियाबाद के महंत नारायण गिरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को निस्वार्थ भाव से अपना कर्म करना चाहिए।

कर्म करते समय उसे फल की जरा सी चिंता नहीं करनी चाहिए, तभी उसका जीवन दुखों से मुक्त होगा। श्री महंत ने कहा कि लोगों को जन कल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि इससे उसकी, परिवार की और कुल की प्रतिष्ठा बढ़ती है। उन्होंने लोगों को नशे व अन्य व्यसनों से दूर रहने की सलाह दी क्योंकि इनसे जहां धन और शरीर की बबार्दी होती है। वहीं,



व्यक्ति के परिवार में बिखराव पैदा हो जाता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मौजूदा समय में लोगों से समाज में आपसी सौहार्द, विश्वास और भाईचारा कायम रखने की बात कही। इससे पहले जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्णा रानी सती ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा लड्डू गोपाल का अभिषेक करने के साथ हुआ। इस मौके पर अमन मिश्री और सलोनी दीदी द्वारा भजन पेश किए गए। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संजय शुक्ला, नीरज गर्ग, ललित गर्ग, राकेश शुक्ला, संजीव गर्ग, चीनू जैन, कपिल शर्मा और नीरज शर्मा आदि अनेक लोगों का सहयोग रहा।

# भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. संस्था के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद में भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. संस्था के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी/अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय (आई.ए.एस.) से शिष्टाचार भेंट कर संस्था की गतिविधियों हेतु चर्चा की तथा जिलाधिकारी महोदय ने संस्था के पदाधिकारियों से आगामी कार्ययोजना के सन्दर्भ में मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक आयुक्त डा. सुबोध कुमार गुप्ता ,सहा. प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त जनपद हापुड़ पारुल त्यागी, जिला सचिव श्रीकृष्ण द्विवेदी,जिला संगठन आयुक्त (स्काउट)श्री श्रीप्रकाश शर्मा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) नीता कौशिक जी उपस्थित रहे।

# गोवर्धन की काकुल शर्मा को इंटरमीडिएट में मिले 99.2 प्रतिशत अंक



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की मिसाल बनी है कस्बा गोवर्धन की काकुल शर्मा। जनपद मथुरा में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, बल्कि अपने कस्बा गोवर्धन नाम भी पूरे जनपद मथुरा और उत्तर प्रदेश में रोशन कर दिया है। काकुल शर्मा के कस्बा गोवर्धन में इस ऐतिहासिक उपलब्धि से खुशी की लहर दौड़ गई है। कस्बा गोवर्धन की रहने वाली काकुल शर्मा ने 12वीं में 99.2 फीसदी अंक प्राप्त अपने श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर का भी नाम रोशन किया है। वह आगे इंडियन फॉरेन सर्विस की तैयारी करेंगी। छात्रा काकुल ने बताया कि वह नियमित स्कूल के बाद घर में 6 से 7 घंटे सेल्फ स्टडी की है। सोशल मीडिया से उन्होंने हमेशा ही दूरी बनाकर रखी है। इसके साथ ही पढ़ाई में सफलता पाने के लिए 3 विषयों में उन्होंने शुरू से ही मजबूती बनाकर रखी थी। हमेशा लिखकर तैयारी की है। इसके अलावा ऑनलाइन भी पढ़ाई की। स्कूल में मिला होमवर्क को सबसे पहले पूरा किया है जिससे प्रतिदिन पढ़ाई का लक्ष्य कम नहीं हो। उनके पिता केशव देव शर्मा डीएवी इंटर कॉलेज गोवर्धन में प्रधानाचार्य पद पर है।

# मथुरा नगर निगम के द्वारा सरकारी पैसे के गबन का चिट्ठा पहुंचा राज्यपाल एवं लोकायुक्त कार्यालय

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन के आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे है। कभी लाइट घोटाला तो कभी भर्ती घोटाला तो कभी फर्नीचर घोटाला मगर ये घोटाले तो कुछ भी नहीं है नगर निगम के एक ऐसा घोटाला जिसके सामने सारे घोटाले शून्य है।मामला है आपके घर से उठने वाले कूड़े का।जिसके निस्तारण के लिए दयाचरण एंड कम्पनी को करोड़ों का टेंडर दिया गया मगर शुरूआत से ही कम्पनी काम में लापरवाही करती रही। और सैकड़ों बीमारी फैलाने वाले आरडीएफ को डंपिंग यार्ड के पास बने तालाब में धौली प्याऊ के पास तालाब में और लगभग 30 जगह हाइवे और लक्ष्मी नगर के रोड किनारे डलवा दिया। जाकी उसका निस्तारण करना चाहिए था। जिस से की हजारों लोगों को कैंसर जैसी बीमारी से बचाया जा सके। कूट रचित तरीके से आरडीएफ को रातों-रात नगला कोलू डंपिंग यार्ड के नजदीक के जलाशय में भी डाला गया एवं कंपनी के द्वारा किए गए कुकृत्यों की महज दिखावे के लिए जांच की बात कही गई एवं नगर आयुक्त द्वारा खोखला दिखावा करते हुए नोटिस दिए गए। नोटिस में कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की बात तो कही गई लेकिन कंपनी के विरुद्ध इस प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं नगर आयुक्त ने अपने मनमाने तरीके से कंपनी को समय-समय पर करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया उक्त प्रकरण में जनता एवं शासन को गुमराह करने के लिए सिर्फ दिखावे के लिए जांच कमेटी बनाई।

# तेज हवा व धूल भरी आंधी ने की विघुतापूर्ती बंद

**वेलकम इंडिया**

**बुगरासी।** मंगलवार की शाम को आई तेज हवा व धूल भरी आंधी ने देहात की विघुतापूर्ति बंद कर दी के कारण ग्रामीण बिजली आने तक छतों पर घूमते नजर आये।बरहाना निवासी बोबी त्यागी व भूदेव त्यागी ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण मच्छरों ने मकानों में बैठना भी मुश्किल कर दिया था इसलिए बिजली आने तक मकानों की छतों पर रात गुजारनी पडी। वहीं लाईन मैन प्रमोद कुमार ने बताया कि दिन छिपते ही फाल्ट की जानकारी मिल जाने पर टीम के साथ क्षेत्र मे निकाल गया था।अथक मेहनत के बाद रात में दस बजे फाल्ट मिला तभी फाल्ट को ठीक कर विघुत आपूर्ति चालू कर दी गई थी।बिजली आने के बाद ही ग्रामीण आराम से सो पाते।दूसरी तरफ इन्ही फाल्टों से ग्रामीण सप्लाई को बचाने के लिए ग्रामीण फीडर अलग बनाये जा रहे हैं जिनका काम कछुआ गति से भी नही चल रहा हैं।अब इसको ठेकेदार की लापरवाही कहें या सरकार की लापरवाही या फिर विभागीय अधिकारियों की जानबूझकर की गई साजिश।

क्यों लाईन बनाने वाले ठेकेदार का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों ने पेड़ों को काटने व छांटने से भी मना कर दिया है और कभी कहता है कि मुझे सामान पूरा नही मिला है लाईन कैसे बनाऊं। लाईन के खम्भों को गाडे हुए एक महिने से भी अधिक हो गया है फिर भी अभी लाईन खींचने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।अगर ग्रामीण फील्डरों की लाईन अलग हो जाय तो होने वाले फाल्ट नही होंगे।

# शिकारपुर में कई किंग गेहूं माफिया प्रशासन के रडार पर

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर शिकारपुर स्थानीय प्रशासन द्वारा गेहू माफियाओं पर कसे गए शिकंजे में जल्द ही कई किंग गेहूं माफिया फंस सकते हैं क्योंकि प्रशासन ने उन्हें अपने रडार पर ले लिया है।जब उन्हें इस बात की भनक लगी तो कई किंग गेहू माफिया भूमिगत हो गए हैं। एसडीएम दीपक कुमार पाल और कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव अर्जुन सिरोही द्वारा गेहूं माफिया की धड़ पकड़ के लिए चलाई गई मुहिम के दौरान गत दिवस शिकारपुर में एक गोदाम से 1100 कुंतल गेहू जब्त कर सरकारी क्रय केंद्रों पर तुलवाने की घटना के बाद माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

अभी तक गांव से किसानों से सीधे गेहू खरीद कर माफिया ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली में अन्य स्थानों को ले जा रहे थे, उनकी आवाजाही में भी कमी आई है।ट्रैक्टर ट्रॉली किसानों के निजी कृषि कार्यों के लिए बने हैं लेकिन गेहू कारोबारी उन्हें व्यवसाय के रूप में प्रयोग कर रहे हैं।इसकी रोकथाम के लिए स्थानीय प्रशासन आरटीओ विभाग की मदद लेने की योजना बना रहा है।सूत्रों से पता लगा है कि प्रशासन ने 6 किंग गेहूं माफियाओं को अपने रडार पर ले रखा है।इन लोगों के पास कईझकई हजार क्विंटल गेहू अपने निजी गोदामों में लगवाया गया है।

# रियल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** 13 मई को सीबीएसई का कक्षा -10वीं कक्षा 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। हर्ष का विषय यह रहा कि रियल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा-10वीं के विद्यार्थी बेहतरीन अंकों से उत्तीर्ण हुए। छात्रा प्रियंका सैनी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया एवं कनक सारस्वत ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं छात्रा तुलसी तरकर व सुधा शर्मा ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान व डॉली ने 80% के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा अभिभावकों का नाम रोशन किया। अन्य समस्त विद्यार्थी तनिष्का सैनी, दीप अग्रवाल, लक्की तरकर, नमन कुंतल व नरेंद्र चौधरी ने भी 70-80 प्रतिशत के दायरे में प्रशंसनीय अंकों से उत्तीर्ण हुए। कक्षा -12 के विद्यार्थी भी बेहतरीन अंकों से उत्तीर्ण हुए। छात्र दुर्गेश कुंतल ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। शिवानी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं छात्रा रिशिका चहार व परवेज उस्मानी ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से चेयरमैन जीपी प्रजापति, डायरेक्टर पुनीत प्रजापति तथा प्रधानाचार्य सिमर प्रजापति ने आगे भी इसी तरह का परिणाम देने की बात कही तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुविधायें प्रदान करने की व्यस्था तथा और बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया एवं सभी विद्यार्थियों को आशिर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नन्दनी पर यादव समाज को गर्व



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** नन्दनी यादव ने सीबीआई 10 वीं की परीक्षा में आगरा मण्डल टाप करते हुए प्रदेश में टाप टेन में जगह बनाई है। उन्हेंने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। डीपीएस रिफाइनरी नगर मथुरा की छात्रा के पिता इमेंद्र यादव इस विद्यालय में शिक्षक हैं। बुधवार को वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद यादव ने नन्दनी के घर जाकर उसका स्वागत किया। उन्होंने श्रीकृष्ण अहिरानी यदुवंशी ब्रजवासी परिवार की ओर से नन्दनी का व उनकी मां नम्रता यादव कि पटुका व शील्ड प्रदान करते हुए बिरादरी और जनपद का नाम रोशन करने पर आभार जताया। रवि यादव ने भी शुभकामना देते हुए कहा शिक्षा से ही समाज में सुधार आएगा। जिला गंगा समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव ने बेटियों को पढ़ाने वाले माता-पिता का आभार जताया। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, हरिओम, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष मीना, जिलाध्यक्ष पूनम, अंजू, विशिष्टा, अंकिता, इंजीनियर प्रीति यादव, विजय एडवोकेट, डा. अशोक अग्रवाल, डा. देवेन्द्र यादव, सुशील गोस्वामी, अबरार हुसैन, योगेश यादव, श्याम सिंह आदि ने नन्दनी व उसके माता-पिता को शुभकामनाएं दी हैं।

# धनगर जाति का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए धनगर समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** बुधवार को शिकारपुर तहसील परिसर में धनगर जाति का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए धनगर समाज ने होल्कर सेना बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में एसडीएम दीपक कुमार पाल के नाम तहसीलदार गौरव बिश्नोई को ज्ञापन दिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार ने 5 वर्ष पूर्व स्पष्टीकरण शासन द्वारा जारी किया था जिसमें साफ-साफ लिखा है कि एक उपजाति धनगर है जो अनुसूचित जाति की सूची में अंकित है आरोप है की लेखपालों द्वारा बिना जांच पड़ताल किये ही धनवार समाज के लोगों के आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं।जबकि तहसील में गडरिया की उपजाति धनगर की आबादी काफी संख्या में है फिर भी लेखपाल गडरिया की उपजाति धनगर एवं नीखर का स्थलीय परीक्षण न करके आवेदक का आवेदन गडरिया जाति का बोलकर निरस्त कर देते हैं। तहसीलदार ने बताया कि प्रदेश में सरकार के शासन आदेशों का पालन करके धनगर प्रमाण पत्र जारी किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन मिला है जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर सुंदर प्रधान प्रताप सिंह सतीश कुमार बिजेंद्र सिंह मनोज कुमार रामवीर सिंह राजेंद्र धर्मेंद्र प्रताप सिंह अतेंद्र सिंह निरंजन सिंह उदयवीर अंकित पवन राजवीर सिंह उदयवीर सिंह दयावती पुष्पा अंजलि नीरू देवकली आदि लोग उपस्थित रहे।

# लेके बालाजी का नाम फेमस सांग आर्टिस्ट नितिन शर्मा मारकपुरिया बने पिता

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव का नाम रोशन करने वाले नितिन शर्मा मुबारकपुरिया की पत्नी ने 09 मई दिन शुक्रवार को रात्रि 8:48 पर एक बेटे को जन्म दिया। दिनांक 12 मई दिन सोमवार को वो पत्नी एवं बच्चे को घर लेकर आये और बहुत जोरदार भव्य स्वागत किया तब से बधाई देने वाले लोगो का ताता लगा हुआ है और नितिन शर्मा मारकपुरिया के इंस्टाग्राम अकाउंट और फेसबुक पर भी बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया। भव्य स्वागत करने के साथ साथ बच्चे को आशीर्वाद देने के लिए गांव के लोग पहुँचे और पूरे परिवार में एक अलग ही खुशी की लहर है तो वही नितिन शर्मा मुबारकपुरिया ने बताया की बेटा होने की मुझे बहुत खुशी है और भावुक होकर बोले आज मेरे पिता जी स्वर्गीय श्री देवेन्द्र शर्मा दादा बन गए आज वो होते तो हमारी खुशी कुछ अलग ही होती।नितिन शर्मा मारकपुरिया गाने बनाता है इनके गानो से युवाओ को बहुत प्रेरणा मिलती है नितिन शर्मा मारकपुरिया के लाखो सब्सक्राइबर एवं लाखो फॉलोवर है।

उन्होंने कहा जैसे मैंने अपने गाव मुबारिकपुर और ज़िला हापुड़ का नाम रोशन किया है वह अपने बेटे से देश का नाम रोशन करायेंगे और इस मौके पर उपस्थित रहे योगेश शर्मा, सचिन शर्मा, धर्मप्रकाश शर्मा, विपिन शर्मा, यश वर्धन,विभु शर्मा,अंकुर भड़ाना, निखिल तंवर, शेखर एवं समस्त परिवार और गांव के लोग शामिल रहे।



# जिला स्तरीय छह दिवसीय रामायण चित्रकला कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

■ रामायण चित्रकला कार्यशाला का आयोजन नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में हुआ।

हापुड़ जनपद में अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान व संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन व एड्यूलीडर्स यूपी के संयोजन में जनपद स्तरीय छंह दिवसीय रामायण चित्रकला कार्यशाला का आयोजन नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में हुआ।

जिसका शुभारंभ प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने किया ।प्रशिक्षण में बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से रामायण के विशेष प्रसंगो को अभिव्यक्त करने के गुण सीखें ।जिला समन्वयक व राज्य आईसीटी पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों को श्री राम व रामायण के चरित्र पर विविध गतिविधियों हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का चारित्रिक विकास हो सकेगा और वह मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों व जीवन चरित्र से परिचित हो सकेंगे ।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पखवाड़े अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग की थीम पर संस्कार भारती और सांस्कृतिक एवं कल्चरल मंत्रालय अयोध्या के द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है ।कार्यशाला में समन्वयक डॉ .सुमन अग्रवाल व प्रशिक्षक नीतू नांरग ने बच्चों को चित्रकला की बारीकियां सिखाई। पहले ही दिन बच्चों ने राम वनवास, सीता हरण, राम भरत मिलन आदि प्रसंगों को अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से कागजों पर उकेर रहे हैं। कहीं राम का वनगमन है, तो कहीं लंका विजय। चित्रों के माध्यम से भाईचारा, संयम, कर्तव्य और सत्य की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही है ।उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल कला नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कार, चरित्र और संस्कृति की शिक्षा देना है ।इन गतिविधियों से बच्चों में अभिव्यक्ति की क्षमता के साथ-साथ संस्कारों का भी विकास हो रहा है ।इस मौके पर डॉ हरजीत कौर, लक्ष्मी शर्मा, सुमन ,सोनम आदि मौजूद थी।



# बसपा जिलाध्यक्ष कमल राजन के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला बसपा का डेलिगेशन



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर बुधवार को अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव टिटोटा में गला रेत कर हत्या के पीड़ित परिवार से मिला बहुजन समाज पार्टी का डेलिगेशन जिसमें जिलाध्यक्ष कमल राजन के साथ पूर्व मंडल कॉर्डिनेटर यशपाल गुरु जी रविन्द्र प्रधान विधान सभा प्रभारी पूरन सिंह गौतम विधान सभा अध्यक्ष विनोद गौतम सोमवीर सिंह मगन लाल आदि लोगों के साथ पीड़ित परिवार को न्याय के साथ साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया और दोषियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों से मिलकर पूरे प्रकरण के जो सभी संलिप्त दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही का पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया कि हर समय आपके साथ बहुजन समाज पार्टी व पार्टी के लोग पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े मिलेंगे और इस सरकार में बढ़ रहे दलितों पर अत्याचारों के साथ बेलगाम अपराधियों पर लगाम लगाने की बात कही।

## महिला ने लगाया शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता महिला ने चचेरे ससुर के बेटे पर प्रेम जाल में फंसा कर कई वर्षों तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।घटना के संबंध में विवाहित महिला ने पुलिस को नामजद शिकायत कर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी 35 वर्षीय महिला ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसकी शादी दस वर्ष पूर्व जनपद बागपत के गांव बिनोली निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी। विवाहित महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही महिला का चचिया ससुर का पुत्र कमल विवाहित महिला पर बुरी नजर रखता था। महिला के मुताबिक आरोपी युवक ने महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा कर पांच वर्षों तक यौन शोषण किया। तथा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा।जब पूरी घटना की जानकारी विवाहित महिला के पति को चली तो विवाहित महिला की गैर मौजूदगी में पति ने आत्महत्या कर ली। महिला का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद महिला फैक्ट्री में नौकरी कर अपना भरण पोषण कर रही थी। जहां पर आरोपी युवक महिला पर दबाव बनाकर प्रति माह उसकी सैलरी भी ले लेता था। पीड़िता महिला ने जब आरोपी युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो उसने परिजनों ने समझौता करा कर आरोपी युवक के घर भेज दिया था। लेकिन घटना के तीन दिन बाद आरोपी युवक ने दहेज में एक लाख व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर घर से निकाल दिया। घटना के संबंध में पीड़िता महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध लिखित शिकायत करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना रेलवे मार्ग पर नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत दिवस बुधवार को जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा शाहपुर निवासी शौकीन व वसीक अपनी पल्सर बाइक पर सवार होकर कस्बा कैराना अपनी रिश्तेदारी में आयोजित की गई शादी समारोह में सम्मिलित होकर वापस अपने घर जा रहे थे। बाइक सवारों के मुताबिक जैसे ही कांधला रेलवे मार्ग के निकट पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक के सामने नीलगाय आ गई। जिससे टकराकर बाइक सवार एक गंभीर हादसे का शिकार हो गए। हादसे के दौरान दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों से जानकारी कर परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। परिजन घायलों का उपचार कराने के बाद अपने साथ घर ले गए।

## अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग, उप जिलाधिकारी को दिया पत्र

**कांधला।** कस्बे के घसौली मार्ग पर रास्ते पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने के मामले में आधा दर्जन लोगों ने उपजिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को उप जिलाधिकारी कैराना को आधा दर्जन लोगों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कस्बे से गाव इस्लामपुर घसौली जाने वाले 52 फुट रास्ते पर कई लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया है। पूर्व में भी पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर अवैध निर्माण कार्य रुकवाया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया था और आरोपियों को चेतावनी दी थी। पुलिस की चेतावनी के बाद भी उक्त आरोपियों ने रात्रि के समय अवैध निर्माण करते हुए लेटर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान सभी लोगों ने उप जिलाधिकारी से अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए उक्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान शिकायत करने में बदरुजमा, विजयपाल सैनी, रविंद्र कुमार, साउदखान,रजाउला खान, बबलू अमित कुमार, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मार्ग अवरूद्ध कर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र गांव किवाना के समीप ईंट भट्ठे के मुनीम ने कई लोगों पर मार्ग अवरुद्ध कर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव मुंडेट कला निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह गांव किवाना ईंट भट्ठे पर मुनीम है और रोजाना शाम के समय मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव जाता है। मंगलवार की देर शाम पीड़ित अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नहर पटरी से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि मार्ग पर ईंट व पत्थर पड़े हुए थे पीड़ित ने जैसे अपनी मोटरसाइकिल धीमी कर पत्थर हटाने का प्रयास किया तो गन्ने के खेत से चार युवक निकले और आते ही पीड़ित के साथ लाठी–डंडों से मारना–पीटना शुरू कर दिया। शौर शराबा होने पर सभी आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बुधवार को गांव खंद्रावली निवासी गुलफाम एवं आलम सहित दो अज्ञात के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# ऑपरेशन जागृति से महिलाओं व बच्चियों को मिल रही नई दिशा : एएसपी

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**सिकन्द्राराऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्रांतर्गत टैगोर इण्टरनेशनल स्कूल कस्बा व थाना सिकन्द्राराऊ में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अस्थाना, प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ, प्रभारी निरीक्षक महिला शिकायत प्रकोष्ठ, यूनिसेफ के पदाधिकारी एवं आसपास के गांव से आये महिला, बालिकाएं व जनसामान्य उपस्थित रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे घर से चली जाती है। साथ ही बदनामी के भय से एवं परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है । साइबर अपराधों का ग्राफ बढता जा रहा है, जानकारी के अभाव में कई लोग साइबर अपराध का शिकार हो जाते है ।

साइबर अपराधों से बचावों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट पर अज्ञात व्यक्तियों की रिक्वेस्ट बिल्कुल स्वीकार न करें, अपनी प्रोफाइल हमेशा लॉकर करके रखें ।

# कोल्ड ड्रिंक लेने गए युवक पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना खानपुर क्षेत्र में मंगलवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक पर चार लोगों ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।यह वारदात तब हुई जब पीड़ित इसरार, फकरु की दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने गया था।परिजनों के अनुसार, इसरार, सलाम, अब्दुल रहमान, अमन और मुदस्सिर ने एक राय होकर हमला किया। आरोप है कि पहले इन लोगों ने गाली-गलौज की और फिर ह्लआज तुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगेह्व कहते हुए (धारदार हथियार) से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में इसरार के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



परिजनों का कहना है कि आरोपी इससे पहले भी तीन बार हमला कर चुके हैं, लेकिन मोहल्ले के दबाव में मामले को शांत करा दिया गया।इस बार वह कोई समझौता नहीं चाहते और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# फेसबुक पर देश विरोधी व अशोभनीय टिप्पणी करने में एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से फोन बरामद




**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**सासनी।** अवगत कराना है कि दिनांक 13 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वायरल वीडियोज संज्ञान में आये, जिसमे एक युवक अशरफ खां उर्फ निसरत द्वारा सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर प्रधानमंत्री की वीडियो एडिट कर देश विरोधी व अशोभनीय टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द व लोक शान्ति भंग करने के उद्देश्य से वीडियोज पोस्ट की गई थी। उक्त वायरल पोस्टस का त्वरित संज्ञान लेते हुए पोस्ट वायरल करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक थाना सासनी को निर्देशित किया गया ।जिसके क्रम में थाना सासनी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर देश विरोधी व अशोभनीय टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द बिगाडने एवं लोक शान्ति भंग करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।पुलिस ने अभियुक्त अशरफ खाँ उर्फ निसरत पुत्र शौदन खां निवासी ग्राम नगला भीका थाना सासनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सरकारी राशन की कालाबाजारी में सभासद सहित दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** पूर्ति निरीक्षक के द्वारा नगर के राशन डीलर व एक अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत खाद्यान्न चोरी करने का अभियोग पंजीकृत कराया है। पूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार ने थाने में अभियोग पंजीकृत कराते हुए बताया कि गत दस मई को उनको फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई नगर के अरूण गर्ग के घर पर सरकारी राशन रखा है।

जिसके उपरांत जिला पूर्ति अधिकारी शामली के निदेशों के क्रम में पूर्ति निरीक्षक अरूण गर्ग नगर पालिका कांधला के मकान पर पहुंचा वहां सरकारी खाद्यान्न रखा मिला। अरूण गर्ग के मकान में रखा खाद्यान्न गेहूँ मात्रा 53.526 कु0 107 कट्टे व चावल 80.334 कु0 160 कट्टे रखे मिले जो प्रदीप कुमार राशन विक्रेता मौहल्ला रायजादगान को इस शर्त के साथ सुपुर्द किए गए कि उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेशों तक उपर्युक्त खाद्यान्न को सुरक्षित रखेगें और इसके साथ ही अरूण गर्ग के मकान में मिले ई-पश मशीन व तौल कांटा राशन विक्रेता प्रदीप की सुपुर्दगी में दिया गया।उसके उपरांत अरूण गर्ग द्वारा अरूण गर्ग द्वारा यह बयान दिया गया कि यह खाद्यान्न मैसर्स सीता रानी के यहां सम्बन्ध है दुकान पर रखा खाद्यान्न सीता रानी का है। सीता रानी ने यह दुकान किराए पर ली हुई है। वह इस सम्बन्ध 7 अगस्त 2024 को नोटरी शपथ पत्र कराया गया था।इसके उपरांत मैं पूर्ति निरीक्षक कांधला सीता रानी उचित दर विक्रेता के पुत्र नीरज ने दुकान का निरीक्षण कराया।दुकान की चौहद्दी में 175 कट्टे चावल 87.5 कु0 व 115 कट्टे गेहू 57.5 मिला। दुकान की चौहद्दी में इस उपलब्ध स्टाक व ई-पश मशीन, कोटा व अन्य दस्तावेज अरविंद कुमार कंसल विक्रेता मौहल्ला सरावज्ञान को इस निर्देश के साथ दिया गया।उच्चाधिकारियों के मांगे जाने पर उपर्युक्त खाद्यान्न व अन्य दस्तावेज को यथावत प्रस्तुत करेगें। मौके पर अरूण गर्ग, सीता रानी के पुत्र नीरज न यह बताया कि हमारे द्वारा तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा को अतिरिक्त चौहद्दी के लिए तत्समय प्रार्थना पत्र दिया था। इसके उपरांत मेरे द्वारा तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा से दूरभाष पर वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि मुझे इन लोगों द्वारा ना तो अतिरिक्त चौहद्दी के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, और न ही इस विषय में मेरे द्वारा कोई आख्या जिला पूर्ति अधिकारी महोदय को प्रेषित की गयी थी। अरूण गर्ग की चौहद्दी में रखा गया खाद्यान्न बिना किसी स्वीकृत चौहद्दी के काला बाजारी के उद्देश्य से रखा गया है।इसके उपरांत विभागीय पोर्टल का अवलोकन किया गया जिससे अनुसार सीता रानी की दुकान एवं सम्बदध दुकान का कुल खादायान्न चौहद्दी में 106.615 कु0 गेहूँ व 160.255 कु0 चावल होना चाहिए था। परन्तु उनकी चौहद्दी में 57.5 कु0 गेहूँ व 87.5 कु0 चावल पाया गया। इस प्रकार सीता रानी की दुकान पर 49.415 कु0 गेहूँ व 75.755 कु0 चावल कम पाया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग व कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय स्तरीय टास्क फोर्स एवं ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिमाह प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत विद्यालयों की शत-



प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर्स के संतृप्तीकरण का कार्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सी0डब्लू0एस0एन0 टायलेट, कक्षा कक्षों के टाईलीकरण, फर्नीचर व बाउन्ड्रीवाल को मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर कार्यो को संतृप्त कराने हिट संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, मा0 अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति को नियमित रूप से अवगत कराया जाय।

जिलाधिकारी ने आर0टी0ई0 के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में आवंटित छात्रों का नामांकन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डी0बी0टी0 सत्र 2025-26 के अन्तर्गत शत-प्रतिशत छात्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करने, समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र भरने की कार्यवाही पूर्ण करने तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कराये जा रहे निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को अतिशीघ्र विद्यालयों को पहुँचना सुनिश्चित करें, यूडायस का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। सत्र 2025-26 हेतु कार्यरत कर्मचारियों का नवीनीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चल रहे कौशल विकास मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना(ढटङश्), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (ऊऊवऋृङ) आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन से विस्तृत जानकारी एवं संबंधित योजना में कितने ट्रेनिंग पार्टनर और व्यवसाय आदि के संबंध में विस्तृत व्याख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक/प्राचार्य राजकीय इंटर कॉलेज उमिला हरिनंदन यादव, डी0सी0 कौशल विकास मिशन बृजेश कुमार, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ित किशोरी का पिता पहुँचा एसपी ऑफिस लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया**




**खीरी टाउन खीरी**:-लगभग डेढ़ माह पूर्व थाना खीरी क्षेत्र के कस्बा खीरी में एक एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया था किशोरी के पिता की दी हुई तहरीर के आधार पर थाना खीरी पुलिस ने आरोपी व उसके साथी पर पास्को व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी।आरोपी खतीब अहमद उर्फ शालु नाम का व्यक्ति है जिसके ऊपर जनपद के विभिन्न थानों पर मुकदमे दर्ज है एफआईआर दर्ज हुए लगभग डेढ माह बीत जाने के बाद भी आरोपी के खलेआम घूमने से किशोरी व उसके पिता को जान का खतरा बना हुआ है लगातार आरोपी पीड़ित किशोरी के पिता को धमकी दे रहा है कि केस वापस लो वरना तुम्हे और तुम्हारी पुत्री को जान से मार दूँगा।बुधवार को पीड़ित किशोरों का पिता एसपी ऑफिस पहुँचा और प्राथना पत्र देकर उसने एसपी खीरी से न्याय की गुहार लगायी।पीड़ित किशोरी के पिता ने एसपी खीरी को लिखित प्राथना पत्र देकर अवगत कराया कि आरोपी खतीब अहमद उर्फ शालू एक दबग हेकड़ व सर्कस किस्म का व्यक्ति है उस पर कस्बा चौकी पुलिस महरबान है विवेचक साधना यादव जो कस्बा चौकी प्रभारी है वो आरोपी से मिली हुई है पीड़ित किशोरी के पिता ने संदेह जताया कि विवेचक विपक्षी से मिलकर उसके केस को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।पीड़ित पिता ने अपना दर्द जताते हुए कहा कि आरोपी ने उसका व उसकी पुत्री का बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है लेकिन 45 दिन से अधिक समय बीत गया है आरोपी व उसके साथी पर एफआईआर लिखे लेकिन पुलिस मामले को गम्भीरता पूर्वक नही ले रही है। सूत्रों की माने तो खतीब अहमद उर्फ शालु का पिता एक धन्यवाद व्यक्ति है कही ना कही कस्बा चौकी प्रभारी विवेचक साधना यादव से उसकी साठ गाठ है इसी वजह से पुलिस इस गम्भीर मामले में हीला हवाली कर रही है। पीड़ित किशोरी के पिता थाने चौकी के चक्कर काट काट कर थक गया है तो वही पुलिस की बात की जाये तो कस्बा चौकी पुलिस आरोपी व्यक्ति खतीब अहमद उर्फ शालू पर महरबान नजर आ रही है।जहा एक तरफ सूबे के मुखिया मुखिया योगी आदित्यनाथ कहते नजर आते है कि यदि कोई शोहदा किसी राह चलती बालिका के साथ छेडछाड करता नजर आये तो अगले चौराहे पर उसे यमराज खड़े मिलेंगे तो वही कस्बा चौकी खीरी पुलिस का गैगरेप जैसे आरोपी की मदद करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशो को ग्रहण लगाने का काम कर रही है।कुल मिलाकर अब देखने वाली बात होगी कि जनपद लखीमपुर खीरी के एसपी से पीड़ित किशोरी के पिता का मिलना क्या असर करेगा।क्या कस्बा चौकी प्रभारी विवेचक साधना यादव निष्पक्ष जांच करेगी या गैगरेप जैसे आरोपी पर महरबान रहेगी।क्या पीड़ित किशिरी को न्याय दिलवाने में उसका सहयोग करेगी या अपनी विवेचना में आरोपी को बाइज्जत बरी कर देगी।ये बात अभी समय के गर्भ में है।

# के.डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद**। क्षेत्र के लखावटी स्थित के.डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024झ25 के मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावक को प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

बुधवार की दोपहर क्षेत्र के लखावटी स्थित के.डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य ने विभा शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में सभी ने भाग लिया, जिसमें शिक्षक, छात्र और अभिभावक शामिल थे। प्रधानाचार्य ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और मिठाई खिलाकर उनके मुंह को मीठा किया। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में बारहवीं और दसवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के होनहार 15 विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।प्रधानाचार्य ने विभा शर्मा ने बताया है कि कक्षा 12वीं के टॉपर्स में राज चौधरी ने 89.2% (विज्ञान), नमन गोयल ने 86.8% (विज्ञान), वरुण सिंघल ने 86.2% (कॉमर्स), सनी ठाकुर ने 85.6% (विज्ञान), तुषार कुमार ने 84.0% (विज्ञान), प्रशांत ने 81.8% (विज्ञान), उत्कर्ष कुमार ने 81.0% (विज्ञान) तथा कक्षा 10वीं के टॉपर्स महीन खान ने 97.2%, दीपांशु चौधरी ने 92.6%, देव कुमार ने 91.4%, पुलकित कांत ने 85.0%, खुशयंत बराड़ ने 85.0%, आलोक सिद्धार्थ ने 85.0%, तनु कुमारी ने 84.0%,भूमिका ठाकुर ने 83.4% अंक प्राप्त किये हैं।

# श्रीमद् हनुमंत सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर** : धामपुर की प्रसिद्ध सामजिक व धार्मिक संस्था श्रीमद हनुमत सेवा समिति पंजी. की कार्यसमिति की एक आवश्यक बैठक बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) पर आयोजित की गई। इस बैठक में समिति की ओर से संरक्षक पंकज भटनागर द्वारा अप्रैल 2025 में संपन्न हुए तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा हनुमान जन्मोत्सव 2026 में किये जाने वाले कार्यक्रमो के लिए नव कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

जिसमे सर्वसम्मति से मयंक अग्रवाल को अध्यक्ष, आयुष राज वर्मा को उपाध्यक्ष, तरुण शर्मा शास्त्री को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति की महिला अनुभाग का प्रभारी नमिता वर्मा को नियुक्त किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (लक्ष्मी गारमेंट्स) तथा रामदास महाराज, पवन कौशिक महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, डा. अनुज कुमार वर्मा (निवर्तमान अध्यक्ष), यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, धर्मेंद्र पवार, मेघराज सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, श्रीमती नमीता वर्मा, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे। बैठक समापन पर श्री हनुमान चालीसा पाठ व महामंत्र का जाप किया गया।

# उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की लीगल विंग का गठन- प्रकाश हिरवानी बने अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया**

**झांसी**। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आज होटल यात्रिक में संपन्न हुई, जिसमें व्यापारियों को विधिक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु लीगल विंग (चार्टर्ड अकाउंटेंट) का गठन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय पटवारी ने प्रकाश हिरवानी को लीगल विंग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की। घोषित पदाधिकारियों में विशाल अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), शिवम अग्रवाल (उपाध्यक्ष), गगन अग्रवाल (महामंत्री), विदित सेठ (मंत्री), आयुष गुप्ता (कोषाध्यक्ष), उज्ज्वल मोदी (प्रचार मंत्री), मयंक अग्रवाल (संगठन मंत्री), सागर अत्री (फाइनेंशियल एडवाइजर), तथा अंचित अग्रवाल (मीडिया कोऑर्डिनेटर) शामिल हैं। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को श्री पटवारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीए गौरव गुप्ता को संस्था का चीफ एडवाइजर नियुक्त किया गया। सीए गौरव गुप्ता ने बताया कि यह लीगल विंग व्यापारियों को जीएसटी, इनकम टैक्स एवं अन्य विधिक मामलों में निःशुल्क परामर्श प्रदान करेगी, जिससे व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में कैट के प्रदेश महामंत्री श्री कुलदीप सिंह डांगी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन सीए गौरव गुप्ता द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा करायें जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर**। जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे बसौनी से पिपरा नायक (ग्राम बछड़ा बछड़ी) का बुधवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सड़क खोदवाकर चेक किया गया।

मानक अनुरूप सही पाया गया गया। इसके साथ कार्य समय से पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा 01 प्रतिशत कटौती करते हुए माह जून 2025 तक कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे पकड़ी बाजार मस्जिदिया मोड़ से सन्तोरी का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता को देखा गया। इसके साथ ही बगल में बनी पटरी को भी नपवा कर चेक किया गया। कार्य को समय से पूर्ण न करने पर 0.5 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे पकड़ी चौराहे पर नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा नाली के गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जे0ई0 का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही नाली की गुणवत्ता की जांज हेतु कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। जांच के उपरान्त गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर पुनः नाला निर्माण कराने का निर्देश दिया।

# 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों के चयन वेतनमान को शिक्षक संघ ने सौंपा

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर**। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को चयन वेतनमान शीघ्र प्रदान किए जाने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह एवं जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि जनपद में सैकड़ों ऐसे शिक्षक हैं जिन्होंने एक ही पद पर कार्य करते हुए 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली है, किन्तु उन्हें अभी तक चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त नहीं हो पाया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ शिक्षकों की चयन वेतनमान संबंधी पत्रावलियाँ पूर्ण होकर तीन माह पूर्व ही कार्यालय में जमा की जा चुकी हैं, परन्तु अब तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। वहीं, कुछ विकास खंडों से शिक्षकों की चयन वेतनमान संबंधी पत्रावलियाँ अब तक जिला कार्यालय को प्रेषित ही नहीं की गई हैं, जिससे संबंधित शिक्षक पात्र होते हुए भी इस लाभ से वंचित हैं। शिक्षक संघ ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मांग की है कि पात्रता पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक राहत एवं मानसिक संतोष प्राप्त हो सके। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा वित्त एवं लेखाधिकारी इस महत्वपूर्ण एवं न्यायोचित मांग को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए पात्र शिक्षकों को शीघ्र चयन वेतनमान प्रदान कराने हेतु प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी का सम्मान करते राज सभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/सौंख**। गांव मकेरा निवासी राजस्थान वूशु संघ व बीकानेर वूशु संघ के तत्वावधान में डॉक्टर करणी सिंह स्टेडियम बीकानेर मैं आयोजित 19 वे राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता मैं जोगेंद्र सिंह का लड़का व बहादुर सिंह नेता जी का पोता वीरभद्र कुंतल (नैतिक) ने 56 भार वर्ग में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। भरतपुर के एनआईएस वूशु कोच पवन चाहर ने बताया कि 26 से 31 मई तक तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे पवन चाहर जी ने बताया कि वीरभद्र भरतपुर के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो बार राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।वीरभद्र को चौ. तेजवीर सिंह जी सांसद मथुरा व ठा. मेघश्याम जी (विधायक गोवर्धन मथुरा) वीरभद्र का माला डालकर सम्मान किया व वीरभद्र को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जिला गोवर्धन विधायक के पीआरओ विक्रम सिंह, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर जगदीश कुंतल, चंद्रवीर सिंह, पूर्व सभासद विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,ओमवीर, प्रेम सिंह ,बहादुर सिंह,जोगेंद्र सिंह,निम्नेदर सिंह,दौलत प्रधाना आदि लोग उपस्थित ।

# सासंद का सपना, स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना

**वेलकम इंडिया**




**सिद्धार्थनगर**। जनपद के ग्रामीण इलाको में भारत सरकार के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वस्थ्य करने का संकल्प लिया है। सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है। इसे विकसित जिला बनाने के लिए कृतबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार का उनकी कोशिशों में हमेशा ही आशिर्वाद एवं पूर्ण सहयोग रहा है। उक्त पत्रकार वार्ता में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा। सांसद पाल ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना एक मील का पत्थर साबित हुआ है। मेडिकल कालेज के बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज देखे जा रहे है। प्राथमिक स्तर पर ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए एक महाअभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान का स्लोगन है - 'जगदम्बिका पाल का सपना, स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना।' इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक गांव में निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा, ताकि किसी भी व्यक्ति को होने वाले रोगों का प्रारम्भिक स्तर पर ही पता चल सकें। प्रारम्भिक स्तर पर रोगों की पहचान होने से व्यक्ति को कम खर्च और तकलीफ में ही ठीक किया जा सकता है। साथ ही बड़े अस्पतालों पर भी बोझ बहुत कम हो जाता है और वहां गम्भीर रोगियों को त्वरित इलाज मिलता है। प्रारम्भिक चरण में इस अभियान के अन्तर्गत एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 25 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा से 05 गांवों का चयन किया गया है। 15 सदस्यों की मेडिकल टीम एक शिविर में रहेगी। इसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, खून, मधुमेह, रक्तचाप, दांत और आंखों की जांच की जायेगी। नजर कमजोर होने पर निःशुल्क चश्मा भी दिया जायेगा। साथ ही दवाओं का वितरण भी होगा। सांसद ने अपने प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया है।

# टाण्डा में कई स्थानों पर रखे गए उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर**। गर्मियों के मौसम में बढ़ते बिजली उपयोग और ओवरलोड की समस्या से निपटने के लिए बिजली विभाग ने नगर में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावशाली कदम उठाए हैं। बुधवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों में वर्षों से लगे कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को हटाकर उनकी जगह 250 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं।जिससे बेहतर बिजली आपूर्ति सुचारू होने के साथ ही ओवरलोड और लो वोल्टेज की समस्याओं से भी राहत मिलेगी। नगर के मोहल्ला आजादनगर, नगरपालिका कार्यालय के सामने, पुराने पेट्रोल पंप के पास तथा मोहल्ला मनिहारान में पुराने 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों को हटाकर नए 250 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष भीषण गर्मी में नगरवासी बिजली की आँख-मिचौनी से काफी परेशान रहे। कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर और जर्जर एबीसी वायरों की वजह से लो वोल्टेज और बार-बार कटौती जैसी समस्याएं आम हो गई थीं। इस विकट परिस्थिति को देखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और उनके प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने मामले को गंभीरता से लिया और जिलाधिकारी व बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर समाधान की मांग की। वहीं, पूर्व पालिकाध्यक्ष पति एवं भाजपा नेता मकसूद अली लाला ने भी बिजली संकट से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए। जनप्रतिनिधियों के निरंतर प्रयासों और विभागीय अधिकारियों की सक्रियता से अब तक नगर के 10 से अधिक स्थानों पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं। बिजली विभाग के अवर अभियंता विजेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व में जिन स्थानों पर 100 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे थे, वहां अब 250 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति में गुणवत्ता आएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आगामी दिनों में नगर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को जेई विजेंद्र सिंह ने लाइनमैन लाल के साथ प्रभावित मोहल्लों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पालिका कार्यालय पहुंचकर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज व प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम से भी नगर में और बेहतर बिजली आपूर्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की।



# रूट्स स्कूल में आरोही राजपूत ने 12वी मे 93.4% अंक प्राप्त किये

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर** : उद्योग व्यापार संगठन के युवा नगर अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष सचिन प्रताप सिहँ की भतीजी ने सी.बी.एस.सी बोर्ड के परिक्षाफल में रूट्स इंटरनेशनल स्कूल की विधार्थी आरोही राजपूत पुत्री धर्मेंद्र कुमार निवासी जाफराबाद कुराई ने 93.4% अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान पाकर क्षेत्र एवं गाव का नाम रोशन किया आरोही राजपूत ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों एवं परिजनों को दिया। आरोही का सपना डॉक्टर बन कर देश की सेवा करना है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्यायें

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



दिनांक 14 मई 2025 प्रतापगढ़।उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में जनसुनवाई की। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 16 शिकायतें महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत हुई। राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष आज शिकायतकर्ता महजबीन बानो ने दहेज उत्पीड़न, सविता देवी ने खेत में कब्जा करने, पिंकी ने ससुराल द्वारा प्रताड़ित करने, सहनूर बानो ने आवास के सम्बन्ध में, नीशा देवी ने एफआईआर दर्ज कराने, उषा रानी शर्मा ने राशन कार्ड, आशमा बानो ने बीडीओ द्वारा लापरवाही बरते जाने, ननका देवी ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने, जया तिवारी ने ससुराल द्वारा प्रताड़ित करने, भुल्ला देवी ने जमीन कब्जा विवाद, निर्मला ने जानलेवा हमला व लूटपाट के सम्बन्ध में, रंजीता ने लेखपाल के स्थानान्तरण करने, पूनम देवी ने आर्थिक मदद हेतु, सरिता मिश्रा ने काली माँ स्वयं सहायता समूह राशन दुकान आवंटन हेतु, अनीता द्वारा मारपीट से सम्बन्धित शिकायते दर्ज करायी। आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें है उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक अधिकारी करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। उन्होने यह भी कहा कि महिलायें जनसुनवाई के दौरान अपने उत्पीड़न सम्बन्धी कोई भी शिकायत उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र दे सकती है। जनसुनवाई के उपरान्त राज्य महिला आयोग की सदस्य ने अफीम कोठी के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाओं व बेटियो को लाभान्वित कराया जाये। महिलाओं व दिव्यांगों का प्राथमिकता दी जाये।

बैठक में उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धरतीपुत्रों को समर्पित किसान विषय पर राष्ट्रीय मुक्तक प्रतियोगिता में 100 से अधिक कवियों की भागीदारी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के पिलखुवा मेंअयोध्याधाम, उत्तर प्रदेश।ȥजय जवान, जय किसानȥ के अमर उद्घोष को आत्मा में समेटे हुए श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था,अयोध्याधाम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मुक्तक लेखन प्रतियोगिता ने साहित्यिक जगत में नई ऊर्जा का संचार किया। इस प्रतियोगिता का विषय था झȥकिसानȥ, और इस भावभूमि पर देशभर से 100 से अधिक रचनाकारों ने अपनी कलम से किसान के जीवन, संघर्ष और योगदान को स्वर दिए। इस भव्य आयोजन का संचालन कवयित्री अनीता नायक द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार श्री अशोक गोयल जी ने इस अवसर पर कहा झ ȥकिसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसी प्रतियोगिताएं नई पीढ़ी को जागरूक बनाती हैं और कलम के माध्यम से किसानों को सम्मान देने का कार्य करती हैं।ȥनिर्णायकों द्वारा चयनित विजेता रचनाकार झप्रथम पुरस्कारःडॉ. बी. एल. सैनी (राजस्थान)ȥहल से लिखता धरतीपरवहस्वर्णिमइतिहास...ȥद्वितीय पुरस्कारःअशोक तिवारी (गुजरात) तृतीयपुरस्कार:अर्चनाद्विवेदी'गुदालू' (मध्यप्रदेश)ȥधरती माता के सपूत हैं भोले सरल सुजान...ȥविशेष उल्लेखनीय 10 प्रतिभागी (बिना क्रम):डॉ. कमला माहेश्वरी 'कमल' (उत्तर प्रदेश),डॉ. भेरूसिंह चौहान 'तरंग' (मध्य प्रदेश),नागेन्द्र त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश),मालिनी त्रिवेदी पाठक (गुजरात),डॉ. किंजल ईलेश मेहता (महाराष्ट्र),रीनू चौधरी 'देशवाल' (उत्तर प्रदेश),उमाकांत भरद्वाज 'लक्ष्य' (मध्य प्रदेश),सुधीर कुमार पंडा (छत्तीसगढ़), डॉ. सरिता वैष्णव (राजस्थान), सविता मेहरोत्रा 'सुगंधा' (उत्तर प्रदेश) संस्था ने सभी रचनाकारों को साधुवाद अर्पित करते हुए कहा कि इस प्रकार की साहित्यिक पहलें समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण और जनचेतना का संचार करती हैं।

# अफवाहों पर ना दें ध्यान शान्ति बनाए रखें कस्बे में फ्लैग मार्च



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर .. बुलंदशहर : दौलतपुर में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च के दौरान सीओ स्याना प्रखर पांडे ने कस्बे में शान्ति बनाए रखने की अपील की शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए मंगलवार को देर शाम सीओ स्याना प्रखर पाण्डेय, नरसेना थानाध्यक्ष रितेश सिंह व ऊंचागांव चौकी प्रभारी अविनाश सहित भारी पुलिस बल के साथ दौलतपुर ऊंचागांव में फ्लैग मार्च किया क्षेत्रिय अधिकारी ने व्यपारियों से भी बातचीत की तथा बताया कि किसी भी प्रकार अफवाह पर ध्यान ना दे दौलतपुर के मुख्य चौराहे से लेकर पूरे कस्बे में फ्लैग मार्च किया उसके बाद ऊंचा गांव पुल से पूरे ऊंचा गांव कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया।

# जवान के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा निवासी आईटीबीपी में तैनात जवान का पार्थिव शरीर बुधवार को गांव में पहुंचा।युवाओं ने बुलंदशहर से लेकर गांव तक तिरंगा रैली निकाली।गमगीन माहौल में जवान का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।राजेन्द्र सिंह गुवाहाटी के सोनापुर में आईटीबीपी में हवलदार के पद पर तैनात थे।मुखाग्नि बड़े बेटे बिट्टू ने दी। बता दे कि गांव सैदपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह 57 वर्ष गुवाहाटी के सोनापुर में पिछले दो साल से आईटीबीपी में हवलदार के पद पर तैनात थे। सोमवार रात गुवाहाटी के एम्स अस्पताल में हार्ट अटैक से हवलदार की मृत्यु हो गई थी। बुधवार को जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर बुलंदशहर पहुंचने की खबर मिली तो सैकड़ों बाइक पर सवार होकर युवा वहा पहुंचे और सेना के वाहन पर पुष्प वर्षा की।युवा जब तक सूरज चांद रहेगा,तब तक तेरा नाम रहेगा के गगनभेदी नारे लगाते हुए गांव में पहुंचे।गांव में पार्थिव शरीर के आने की जानकारी पर हर कोई ग्रामीण शरीर के अंतिम दर्शन करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे और वहा उन्हें श्रद्धांजलि दी।जवान की शवयात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा।बाबूगढ़ छावनी से आए आईटीबीपी के जवानों ने सलामी गारद दी।

मृतक जवान के सबसे बड़े पुत्र बिटटू ने जवान के शव को मुखाग्नि दी। मृतक ने अपने पीछे पत्नी मुन्नी देवी, तीन पुत्र बिटटू, अरूण, मोहित, पुत्री खुशबू को छोड़ा है। तीनों पुत्र और पुत्री की शादीशुदा बताये गये हैं। मृतक जवान के पार्थिव शव को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद हिमायत अली, जिला पंचायत सदस्य सुनील चरौरा, शहजुद्दीन मेवाती ने मौके पर पहुंचकर श्रद्धाजंलि दी।

# बिहार के राज्यपाल को अपना आदर्श मानते हैं आकाश शर्मा



वेलकम इंडिया

बुलन्दशहर विकासखण्ड ऊंचा गांव क्षेत्र के गांव अमरगढ़ के मूल निवासी आकाश शर्मा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद को अपना आदर्श मानते हैं बीते मंगलवार को आकाश शर्मा ने राजयपाल आरिफ मोहम्मद खान से बिहार के राजभवन में मुलाकात की आकाश शर्मा के परिवार से पुराना नाता है राज्यपाल का स्वर्गीय पूरनचंद शास्त्री के शिष्य रहे हैं आरिफ खान जब भी क्षेत्र का भ्रमण करने आते हैं तभी आकाश के घर जाते हैं राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मूल रूप से बरवाला के निवासी हैं और वर्तमान में बिहार के राज्यपाल हैं । वे भारत के पूर्व कैबिनेट मंत्री हैं। [1] उनके पास ऊर्जा से लेकर नागरिक उड्डयन तक के कई पोर्टफोलियो थे।[2]र लोकसभा सांसद (1980,1984,1989,1998) और एक बार उत्तर प्रदेश विधानसभा सदस्य (1977)। दो बार केन्द्रीय मन्त्री (राज्यमंत्री 1984-1986 तथा कैबिनेट मंत्री 1989-1991) भारत सरकार रह चुके हैं।

# हापुड़ जिले के जिलाधिकारी गरीबो के लिए बने मसीहा,डीएम की हर तरफ हो रही तारीफ ही होती नजर आ रही हैं

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी द्वारा दैनिक जनता दर्षन कार्यक्रम के दौरान कस्तला कासमाबाद के ग्रामवासियों द्वारा गॉव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात ए0एन0एम0 शीतल की शिकायत गयी। ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव/ डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं से ए0एन0एम0 शीतल द्वारा 1500/- से लेकर 2000/- रू0 लिये जाते है। शिकायत का संज्ञान लेते हुये अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़ के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कस्तला कासमाबाद का अपरान्ह 3.00 बजे औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित ग्राम वासियों से बात की गयी। ग्रामवासियों द्वारा ए0एन0एम0 शीतल द्वारा पैसे लिये जाने की पुश्टि की गयी। कुछ ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि एक आषा द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने के नाम पर 200/-रू0 लिये जाते है।इनका यह कृत्य शासन के द्वारा अन्तिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुचाने की मंषा के विपरीत है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देषित किया गया कि तत्काल ए0एन0एम0 शीतल एवं आशा शिमला की सेवा समाप्ति हेतु नियामानुसार आवष्यक कार्यवाही किया जाना सुनिष्चित करें। साथ ही जनपद की समस्त आषा एवं ए0एन0एम0 को सचेत किया जाता है कि किसी भी प्रकरण में पैसे आदि लिये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



# पत्रकार की भतीजी निशिका ने हाईस्कूल में 97.80% अंक प्राप्त कर किया अपने माता-पिता का नाम रोशन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बाबूगढ़ कैंट की छात्रा निशिका ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ मौहल्ला हरजसपुरा का नाम रोशन किया है आपको बता दें हापुड़ नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर-11 के मोहल्ला हरजसपुरा निवासी जगबीर सिंह के पुत्र सुंदरलाल की पुत्री व पत्रकार चेतन कुमार की भतीजी निशिका ने अपने परिवार के साथ-साथ मौहल्ला हरजसपुरा के साथ साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। पत्रकार चेतन कुमार ने बताया कि अपनी लग्नता पूर्वक कड़ी मेहनत कर भतीजी निशिका ने हाईस्कूल में 97.80 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निशिका की मेहनत हम सभी परिवार के सदस्यों के लिए गर्व का पल है। समर्पण और कड़ी मेहनत से हर मंज़िल पाई जा सकती है। हम आशा करते हैं कि ये हमारी बेटियां मोहल्ले के साथ अपने परिवार का इसी तरह नाम रोशन करती रहेंगी। अपनी इस उपलब्धि पर निशिका ने अपने माता-पिता, दादा- दादी,चाचा- चाचा व अन्य परिवार के सदस्य, शिक्षकों और दोस्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सफलता में हमारे परिवार और शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। हम आगे भी अपने सपनों को साकार करने के लिए इसी मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहना है। में आगे चलकर 100% 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण कर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग बनना चाहती हूं। निशिका के हाई स्कूल में उत्तीर्ण होने पर परिवार में खुशी का माहौल है तो वहीं निशिका को घर पर बधाई देने के साथ,फोन कर व व्हाट्सएप पर मैसेज कर दोस्तों वह रिश्तेदारों ने शुभकामनाएं संदेश देने के साथ उज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर जनपद में निमार्णाधीन 04 निर्माण परियोजनाओं के कार्य लंबित होने एवं आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। लोनिवि विभाग द्वारा सड़क निर्माण के संबंध में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि लोनिवि की ओर से सड़क किनारे के विद्युत पोल को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग को धनराशि दे दी गई है लेकिन अभी तक कार्य नहीं कराया गया है। विद्युत विभाग को पोल शिफ्ट कराने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को भी निर्देश दिए गए कि सड़क चौड़ीकरण के लिए नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। जनपद बुलंदशहर में मेरठ बदायूं मार्ग पर काली नदी पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण समय सीमा के अंदर पूर्ण होने की भी समीक्षा की गई। सेतु निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुल का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूर्ण करने की समय सीमा है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। ईओ नगर पालिका द्वारा बताया गया कि पुल के निर्माण कार्य के लिए काली नदी के पानी को सेतु निगम द्वारा रोका गया है जिसके कारण बारिश होने पर पानी वापस आबादी एरिया में आने से जल जमाव की समस्या होगी। इसलिए अपेक्षा है कि काली नदी के पानी की सुगमता से निकासी की व्यवस्था करा दी जाए। जिलाधिकारी महोदया ने ईओ नगर पालिका एवं सेतु निगम के अधिकारी को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट सुधांशु, अधिशासी अभियंता लोनिवि श्री राहुल शर्मा सहित विद्युत, वन विभाग एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10वीं एवं 12वीं का परीक्षाफल देख रूट्स बिजनौर में हर्षोल्लास का माहौल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



बिजनौर : कक्षा10वीं एवं 12वीं का सीइ्बीइ्एसइ्ईइ् बोर्ड का परीक्षाफल घोषित हुआ। परीक्षाफल देख रुट्स इंटरनेशनल स्कूल, बिजनौर के छात्र/छात्राएँ झूम उठे। रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में विज्ञान वर्ग में अनन्या माल्यान ने 91.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शेखर कुमार 89.2% अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। पूर्वांश सिंह ने 86.3% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्सवर्ग में एलिस चौधरी ने 88% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कामाक्षी सहरावत 80.2% अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। रिकुल चौधरी ने 70% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 10वीं में जयंत परवाल ने 93.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गार्गी बालियान 89.2% अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। जीशा ने 86.3% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर बधाइयाँ दी। बच्चों के शानदार परीक्षाफल को लेकर अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने सभी बच्चों को व उनके अभिभावकों को अच्छे परीक्षाफल के लिए बधाई दी तथा शानदार परीक्षाफल का श्रेय शिक्षक स्टाफ व होनहार विद्यार्थियों को दियो विद्यालय के चेयरमैन शांतनु गुप्ता, प्रबंधक शिवानी गुप्ता एवं डायरेक्टर आदित्य गुप्ता ने शत प्रतिशत एवं शानदार प्रतिशत अंक के लिए प्रधानाचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को बधाई दी। प्रबंधक कार्यकारिणी ने अभिभावकों को बधाई देते हुए, उनके सहयोग की सराहना की प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने बताया कि यह सब अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थिओं के अथक प्रयास से संभव हुओ वे सभी बधाई के पात्र हैं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और भी अच्छा करने का प्रयास रहेगा।

# विधायक ने ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। ग्राम फतेहपुर में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सुरेंद्र सैनी के मकान से परशुराम त्यागी के ट्यूबवेल तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 510 मीटर और कुल लागत 35.96 लाख है। ग्राम चूड़ियाला में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत



परमाल के मकान से मेडिकल स्टोर होते हुए हरी प्रधान के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस कार्य की लम्बाई 505 मीटर और कुल लागत 75.75 लाख है। ग्राम डीलना में विधायक निधि से शमशान के मेन रास्ते से अंत्येष्टि स्थल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 80 मीटर कुल लागत 6.49 लाख है। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव संकल्पित हैं।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित बैंसला, अमरजीत प्रधान, नीटू चौधरी, नवीन त्यागी, प्रशान्त त्यागी, विनित, आदि उपस्थित रहे।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल का औसत परिणाम परीक्षा परिणाम 98% रहा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मोदीनगर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा का परीक्षा - परिणाम घोषित किया गया। इसमें सत्र 2024-2025 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीड्डबीड्डएसड्डईड्ड) की दसवीं कक्षा के परीक्षा -परिणामों में अंशिका गुप्ता ने 489 अंक (97.8%) लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिया ने 462 अंक (92.4%) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मानसी शर्मा ने 461 अंक (92.2%) प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में अधिकतर विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हुए शिक्षा के क्षेत्र में शानदार व सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय का औसत परीक्षा परिणाम 98% रहा। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्टता के प्रति आपकी प्रतिबद्धता सचमुच सराहनीय है। आप इसी तरह सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे। गौरव माहेश्वरी जी व श्रीमती राधिका माहेश्वरी जी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आगे की प्रगतिशील यात्रा की शुरूआत है, आप ऐसे ही उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करते रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी जी ने विद्यार्थियों की इस अद्भुत उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि आपकी दृढ़ता और सकारात्मक आपको विजय के इस क्षण तक ले आई है भविष्य में आप और भी अधिक जीत हासिल करें।

# ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं सत्र 2024-2025 का परिणाम शतप्रतिशत रहा। शीर्ष प्राप्त कताओं में से अंशिका चौधरी प्रथम स्थान खुशी चौधरी द्वितीय स्थान और निकिता सैनी तृतीय स्थान पर रहीं। ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ संदीप रोहिला, निर्देशिका डॉ मीनाक्षी रोहिला, ट्रस्ट मैनेजर रितु गोयल और प्रधानाचार्या मंजीत कौर ने सभी छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता को उनके अटूट समर्थन और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक बधाई दी। और छात्रों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सराहना की और उन्हें अपने भविष्य के प्रयासों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहस किया।

# सांसद ने मुख्यमंत्री से भोजपुर कट से निवाड़ी तक सड़क के 4 लेन चौड़ीकरण कराए जाने का किया अनुरोध

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत- मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र देकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के भोजपुर कट से निवाड़ी तक सड़क के 4 लेन चौड़ीकरण कराए जाने का अनुरोध किया है।सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने पत्र में लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की मोदीनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली मोदीनगर औद्योगिक नगरी से भोजपुर कट एवं निवाड़ी तक की सड़क अत्यधिक चिंताजनक अवस्था में है। यह मार्ग दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जुड़ता है और यहाँ पर भारी वाहनों की निरंतर आवा-जाही रहती है।औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर मालवाहक ट्रकों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे संकरी सड़क पर यातायात में अत्यधिक परेशानी होती है। दुर्घटनाओं की संभावना भी निरंतर बनी



रहती है। उन्होंने पत्र में आग्रह किया है कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के भोजपुर कट से मोदीनगर होते हुए निवाड़ी तक की सड़क का कम से कम 4-लेन चौड़ीकरण शीघ्र कराया जाए, जिससे स्थानीय नागरिकों, श्रमिकों, उद्योगपतियों एवं यात्रियों को सुविधा हो तथा क्षेत्र का आर्थिक विकास सुगम हो सके।

# हाई स्कूल परीक्षा में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन 2025 की हाई स्कूल परीक्षा में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन 2025 हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम निम्न प्रकार रहा- 1.शिवांश त्यागी 93? प्रथम स्थान 2 हर्षित त्यागी 91.4? द्वितीय स्थान 3 हिमांशु सिंह 91? तृतीय स्थान 4 शुभी अग्रवाल 90? 5 रितिका त्यागी 90? 6 वर्षा 89? 7 लक्ष्य चौधरी 88? 8 ईशा 87.2? 9 यश चौधरी 87? 10 पर्व 86.4?11 पलक चौधरी 86?12 प्रांजल त्यागी 86? 13 अनुष्का शर्मा 85.4? 14 अपेक्षा शर्मा 85.2? 15 देवव्रत 85? सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल हाई स्कूल के छात्रों ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया साथ ही 93? अंक प्राप्त कर शिवांश त्यागी स्कूल टॉपर बने। स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी द्वारा सभी छात्र - छात्राओं, अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई दी गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गईं स्कूल प्रधानाचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी छात्रों एवं अध्यापिकाओं को बधाई देते हुए उनके कार्य की सरहाना की गई।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, सीबीएसई परीक्षा 2024-25 में शानदार सफलता

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत, लगन और अनुशासन से उच्च अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



कक्षा 12 वीं के परिणाम विज्ञान संकाय :त्रिशा शर्मा झ 98.2% (प्रथम स्थान) चिराग गुप्ता झ 96.8% (द्वितीय स्थान) रिशांक गुप्ता झ 94% (तृतीय स्थान) वाणिज्य संकाय :गौरी वशिष्ठ झ 93.8% (प्रथम स्थान) रुद्र अग्रवाल झ 93.2% (द्वितीय स्थान) सिद्धि सांघी झ 91% (तृतीय स्थान) मानविकी संकाय :मानवी चौधरी झ 98.2% (प्रथम स्थान) नैना धामा झ 93% (द्वितीय स्थान) कृष्टीना यादव झ (तृतीय स्थान) कक्षा 10वीं का उल्लेखनीय परिणाम इस वर्ष कक्षा 10वीं के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। जो कि विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

कक्षा 10वीं के टॉपर्सः इति शर्मा झ 98% (प्रथम स्थान) निमिता झ 97.8% (द्वितीय स्थान) आयुष सिंघल झ 97.4% (तृतीय स्थान) विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन ,प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्या ,शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल का प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर समर्पित है, जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी विशेष महत्व दिया जाता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एन0 पी0 सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहाः ेयह परिणाम हमारे विद्यालय की गुणवत्ता, मेहनती शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का प्रमाण है।

# गाजियाबाद विद्युत उपभोक्ता 15 से 17 तारीख तक, लग रहे कैंप से समस्याओं का ले सकेंगे समाधान

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विद्युत विभाग के तीनों जोन के विद्युत उपभोक्ता 15 मई से 17 मई तक अपनी समस्याओं का उपभोक्ता सेवा मेगा कैंप आकर अपनी समस्याओं का पा सकते समाधान। प्रबंधक निदेशक महोदया पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ के निर्देश अनुसार जनपद गाजियाबाद के तीनों विद्युत वितरण जोन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गाजियाबाद की समस्त सम्मानित विद्युत यूजर को अवगत कराया जा रहा है कि नवीन संयोजन, बिल सुधार, खराब मीटर, विद्या परिवर्तन , भार वृद्धि , राजस्व निर्धारण इत्यादि एवं विद्युत विभाग से संबंधित अन्य शिकायतों के समाधान हेतु विद्या प्रशिक्षण केंद्र निकट हाइडल कॉलोनी ए ब्लॉक कवि नगर गाजियाबाद में




तीन दिवसीय उपभोक्ता सेवा मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है इस कैंप में गाजियाबाद के जनपद के तीनों जोन के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का कब में ही समाधान किया जाएगा सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक यह कैंप चलेगा विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता की सुविधाओं के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया है कैंप में गाजियाबाद नगर , लोनी , मोदीनगर मुरादनगर सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता कैंप का लाभ उठा सकते हैं। कैंप में तीनों जोन के मुख्य अभियंताओं के साथ-साथ खंड मंडलों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे जो उपभोक्ताओ की समस्याओं का त्वरित निवारण करेंगे ।

# छाया पब्लिक स्कूल की गरिमा 98.8 परसेंट लाकर बनी शहर की टॉपर, जिले के टॉप टेन में शामिल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल की छात्रा गरिमा छाबड़ा ने 98.8% मार्क्स लाकर शहर में अपना परचम लहराया साथ ही जनपद गाजियाबाद के टॉप 10 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुरक्षित किया उनकी उपलब्धि पर विधायक डॉ मंजू सिवाच, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, स्कूल प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी सहित शहर के गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया की गरिमा कक्षा 10 की भी टॉपर रही थी और उसका सपना जज बनने का है पढ़ाई के साथ-साथ गरिमा खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हमेशा अग्रणी रही है कक्षा 10 के छात्रों ने भी जोरदार प्रदर्शन करते हुए 30 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक लाकर नया इतिहास रचा है कक्षा 10 के छात्र देवउत्कर्ष 97.8% प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों व अभिभावकों को इस बड़ी सफलता के शुभ अवसर पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

# गाजियाबाद सिहानी गेट पुलिस के साथ मुठभेड़ में 18 मुकदमे का बैटरी चोर घायल , दो आरपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद में बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। दरअसल बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम द्वारा पीछा किया जा रहा था।

पुलिस टीम को पीछे आता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर कई राउंड फायर किए। आत्मरक्षक पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश जख्मी हो गया। मामला गाजियाबाद की सिहानी गेट



थाना क्षेत्र का है बीते दिनों गाड़ियों से बैटरी चोरी होने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। रात के अंधेरे में गाड़ियों से बैटरी चोरी होने से लोग का भी परेशान थे। विभिन्न मामलों का संज्ञान लेते हुए थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया। चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि विगत दिनों में पटेल नगर और लोहिया नगर में वाहनो से चोरी हुई बैटरी को चुराने वाले चोर डीपीएस कट की तरफ से आने वाले है। पुलिस द्वारा बैरिकेड लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से स्कूटी पर आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने के लिए पुलिस टीम द्वारा कहा गया तो वह तेजी से स्कूटी चलाकर भागने लगे। जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर रोकने प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे। जहां स्कूटी फिसल गई और पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई।

# ग्रेनो प्राधिकरण में एसआईटी अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने लीजबैक प्रकरण मामले में एक और दिए मौके के तहत 83 किसानों को सुना

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 83 प्रकरणों पर एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और एसडीएम जितेंद्र गौतम की मौजूदगी में किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक सुनवाई चली। इससे पहले



एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना कर किसानों का पक्ष सुन चुकी है, लेकिन कई किसान ऐसे थे, जो कि उस समय अपने लीजबैक से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके थे। इसे ध्यान में रखते हुए एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने किसानों को एक और अवसर देते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बुधवार को सुनवाई की। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 7 और 8 मई को खैरपुर गांव में शिविर लगाकर सुनवाई की गई थी। किसी कारणवश कुछ किसान अपना अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके। इसीलिए एसआईटी अध्यक्ष की तरफ से किसानों को एक मौका देते हुए बुधवार को सुनवाई की गई।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई, शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया आश्वासन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने प्रार्थियों से उनकी शिकायतें एवं आवेदनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा में किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को सुना, जिनमें पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंकिंग सेवाएं, पेंशन और घरेलू विवादों से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। कुछ मामलों में जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और त्वरित निस्तारण कराए। बाकी मामलों को उचित अधिकारी के पास भेजते हुए उन्होंने उन्हें समय पर और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

इसके अलावा, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद, शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायतों का समाधान पूरी तरह से संतोषजनक था। इस दौरान डे ऑफिसर एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे और जनसुनवाई के संचालन में सहयोग किया।



# देशराज देसी के नाम पर विजयनगर में चौराहा, पार्क या मार्ग का नाम रखे नगर निगमः इंद्रजीत सिंह टीटू

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी स्वर्गीय देशराज देसी की स्मृति में उनके नाम से विजयनगर क्षेत्र में किसी चौराहे, मार्ग या पार्क का नामकरण किए जाने की मांग राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने की है। उन्होंने यह मांग गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल को एक खुले पत्र के माध्यम से करते हुए कहा कि देशराज देसी जी केवल भाजपा के नेता नहीं, बल्कि समाज के लिए एक अनमोल रत्न, पंजाबी समाज की शान और पार्टी के कोहिनूर थे। इंद्रजीत सिंह टीटू ने पत्र में लिखा, ह्लआज देशराज देसी जी का जन्मदिवस है। समाज और उनका परिवार इस दिन को सार्वजनिक रूप से मनाकर उनकी स्मृतियों को जीवित रखना चाहता था। उन्होंने



विजयनगर क्षेत्र में चार अलग-अलग जगह कार्यक्रम तय किए थे, लेकिन प्रकृति को कुछ और ही मंजूर था। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कर्म और समाज सेवा की भावना आज भी जीवित है। उन्होंने आगे लिखा, ह्लगाजियाबाद नगर निगम और महापौर जी समाज की इस भावनात्मक अपील पर गौर करें और आज ही उनके जन्मदिन के अवसर पर यह घोषणा करके देशराज देसी जी के परिवार को श्रद्धांजलि स्वरूप एक सम्मानजनक उपहार दें। इंद्रजीत सिंह टीटू ने यह मांग गाजियाबाद के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रेलवे रोड बजरिया, समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और राष्ट्रीय लोकदल की ओर से रखी है। उन्होंने कहा कि, ह्लदेशराज देसी जी ने अपना पूरा जीवन भाजपा और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। आज समाज और उनके परिवार को यह महसूस कराना जरूरी है कि उनका योगदान भुलाया नहीं गया। समाजजन उम्मीद कर रहे हैं कि नगर निगम इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर एक श्रद्धांजलि स्वरूप स्मृति चिन्ह के रूप में विजयनगर क्षेत्र में देशराज देसी जी के नाम को अमर करेगा।

# जीडीए ने विजयनगर और प्रताप विहार में अवैध निर्माण किए ध्वस्त

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने उपाध्यक्ष के सख्त निदेशों के अनुपालन में बुधवार को अवैध निमार्णों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में विजयनगर और प्रताप विहार क्षेत्रों में दो स्थानों पर चल रहे अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया।



प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भूखंड संख्या डी-52, सेक्टर-09, विजयनगर में श्रीमती रेणु, श्री विकास एवं अन्य निर्माणकताओं द्वारा फ्रंट सेटबैक क्षेत्र में भूतल पर बनी पूर्व-निर्मित दुकानों के ऊपर बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध निर्माण किया जा रहा था। वहीं, सेक्टर-12, प्रताप विहार स्थित जी-ब्लॉक के समीप प्राधिकरण की सामुदायिक केंद्र की भूमि पर भी अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से दोनों ही स्थलों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया।

इस अभियान में प्राधिकरण के समस्त प्रवर्तन स्टाफ ने भाग लिया और बिना किसी बाधा के कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी।

# भाजपा महानगर में मण्डल गठन को लेकर बैठक सम्पन्न, पारदर्शिता एवं समावेशिता पर जोर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा संगठन पर्व 2024-25 के अंतर्गत मण्डल समिति एवं शक्तिकेन्द्र संयोजक गठन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय नेहरू नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रवासी गजेन्द्र मावी उपस्थित रहे। बैठक में मण्डल प्रभारी, नवनियुक्त मण्डल प्रवासी, मण्डल अध्यक्ष सहित सरदार एस.पी. सिंह, अभियान संयोजक सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, बलदेव राज शर्मा, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी द्वारा किया गया। जिला प्रवासी गजेन्द्र मावी ने कहाः




भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती तभी संभव है जब हम सामाजिक समरसता, क्षेत्रीय संतुलन एवं कार्यकर्ता आधारित प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दें। मण्डल गठन प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, जिसमें प्रत्येक शक्ति केन्द्र से पदाधिकारी सम्मिलित हों और महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग को 50% से अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

**महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने मार्गदर्शन में कहाः** पार्टी के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि मण्डल कार्यसमिति में 40% नये चेहरे हों, सभी शक्ति केन्द्रों को प्रतिनिधित्व मिले और एक भी कार्यकर्ता न छूटे, न रूठे। यही भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का मूल आधार है। बैठक में संगठन पर्व के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों को विस्तार से समझाते हुए मण्डल समिति गठन की प्रक्रिया, सामाजिक समीकरण, कार्यकताओं की सक्रियता, बौद्धिक स्तर एवं संगठन के प्रति निष्ठा जैसे बिंदुओं को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

# श्रम कानून विशेषज्ञ सत्येंद्र सिंह बने आईसीआईएम के चेयरमैन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रम कानूनों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले सत्येंद्र सिंह को इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (आईसीआईएम) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। संस्था ने उनके विशेषज्ञता और योगदान को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

आईसीआईएम देश की एक अग्रणी संस्था है जो औद्योगिक विकास, प्रशिक्षण और नीति-निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। सत्येंद्र सिंह को औद्योगिक प्रबंधन, श्रम कानून, कॉरपोरेट अनुपालन और पर्यावरणीय संतुलन जैसे क्षेत्रों में गहन जानकारी और व्यावहारिक अनुभव है। उन्हें 25 वर्षों का व्यावसायिक अनुभव प्राप्त है।

अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए सत्येंद्र सिंह ने कहा कि आईसीआईएम केवल प्रशिक्षण प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारा उद्देश्य भारत की औद्योगिक संस्कृति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। हम एकीकृत सिस्टम और प्रक्रियाओं को बढ़ावा देंगे जो उद्योगों की दक्षता, गुणवत्ता और अनुपालन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी।

# इंडसइंड बैंक के पूर्व कर्मचारी पर 1.33 लाख के गबन का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (इंडसइंड बैंक) की शाखा में एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। शाखा प्रबंधक अंकित कुमार ने बैंक के पूर्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार पर 1,33,299 रुपए के गबन का आरोप लगाया है। इस मामले में सिहानी गेट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्यास संहिता (बीएनएस) की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाखा प्रबंधक की शिकायत के अनुसार, बैंक की ओर से केवाईसी प्रक्रिया के आधार पर महिला समूहों को ऋण वितरित किए गए थे। इन ऋणों की साप्ताहिक वसूली का जिम्मा रामपुर जिले के मिलक गांव निवासी नरेंद्र कुमार को सौंपा गया था। आरोप है कि नरेंद्र कुमार ने महिला समूहों से वसूली गई राशि बैंक में जमा न कर अपने पास रख ली और बाद में नौकरी छोड़कर फरार हो गया। मामले की जांच में बैंक को 1.33 लाख से अधिक की रकम का गबन सामने आया, जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नरेंद्र कुमार के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात का केस दर्ज कर लिया है।

एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि ह्लबैंकिंग सेक्टर में पारदर्शिता और विश्वास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# विलियम जूनियर हाईस्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** वसुधंरा स्थित विलियम जूनियर हाईस्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की थीम सबसे महान मां रही जिसमें स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध किया और संदेश दिया कि सृष्टि में सबसे महान मां होती है। स्कूल के प्रबंधक अशोक त्यागी ने कहा कि मां की महानता का कोई भी मुकाबला नहीं किया जा सकता है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि जो मां-बाप की सेवा करता है, उस पर ही भगवान की कृपा रहती है। मां की महानता का बखान आज तक ना तो कोई कर पाया और ना ही भविष्य में कोई कर पाएगा।




स्कूल की बच्चों की माताओं के लिए भी अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों की माताओं ने भाग लिया। विजयी माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सीवर प्रबंधन व ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड परियोजना की समीक्षा, नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर की सीवर व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड और वन सिटी-वन ऑपरेटर परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वीए टेक वाबेग कंपनी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने कार्यों की रफ्तार बढ़ाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर कई अहम निर्देश दिए।



बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, वीए टेक वाबेग के सीईओ शैलेश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी, जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता कामाख्या प्रसाद आनंद, हेड एग्जीक्यूशन कैपिटल प्रोजेक्ट वी. शंकर गणेश और प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि वाबेग कंपनी के सभी वाहन गाजियाबाद नगर निगम के व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़े जाएं, ताकि निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सीवर समस्याओं के समाधान के लिए इस्तेमाल हो रही सुपर शकर मशीन और अन्य उपकरणों की कार्यप्रणाली पर भी सतत निगरानी रखने को कहा। सभी पार्षदों से संवाद बनाकर सीवर समस्या के प्रभावी समाधान पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को प्रतिदिन की कार्रवाई की रिपोर्ट रोस्टर के अनुसार प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने शहर में चल रहे कार्यों की निगरानी बढ़ाने का निर्देश भी अधिशासी अभियंता को दिया।

## संगीत, संस्कार और शिक्षा का संगम

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के पुत्र ओजस ने कक्षा 10 में 95% अंक प्राप्त कर रची गौरवगाथा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल न केवल संगठनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे हैं, बल्कि उन्होंने जीवन के हर पहलू में संस्कृति, संगीत और शिक्षा को अपनी आत्मा से जोड़कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है। मां सरस्वती की कृपा उनके जीवन में सदैव बनी रही है, जो उनके मधुर उद्बोधनों, तबला वादन और हारमोनियम की सुरीली धुनों में झलकती है। इन्हीं संस्कारों की गूंज अब अगली पीढ़ी में भी सुनाई देने लगी है। मयंक गोयल के सुपुत्र ओजस गोयल ने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश दिया है कि जड़ें जितनी मजबूत हों, फल उतने ही मधुर और समृद्ध होते हैं। ओजस ने अपनी इस सफलता का श्रेय संयुक्त परिवार के उन मूल्यों और संस्कारों को दिया है, जिन्होंने उन्हें आत्मविश्वास और अनुशासन से ओतप्रोत किया। उन्होंने कहा, ़मेरी यह सफलता मेरे दादीजी स्वर्गीय दमयंती गोयल और दादाजी महेश गोयल के आशीर्वाद का परिणाम है। उनका आशीर्वाद आज भी मुझे निरंतर कुछ विशेष करने के लिए प्रेरित करता है। ओजस की यह सफलता न केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि है, बल्कि यह उन पारिवारिक परंपराओं और तपस्याओं का प्रतिफल भी है, जिन पर चलते हुए मयंक गोयल ने मां सरस्वती की कृपा को बरकरार रखा और अब उनके पुत्र ने भी उन्हीं पदचिन्हों पर चलते हुए एक प्रेरक मिसाल कायम की है। यह गौरव का क्षण सम्पूर्ण गोयल परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्वरूप है। ओजस की यह उपलब्धि यह दिखाती है कि जब परिवार, परंपरा और प्रयास एक साथ चलते हैं, तो सफलता निश्चित होती है।



# कोई छूटे न, कोई रूठे न सिद्धांत पर भोपुरा मंडल में संगठनात्मक प्रवास सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए चलाए जा रहे मंडल प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने भोपुरा मंडल प्रभारी बलदेवराज शर्मा के साथ प्रवास कर मंडल कार्यकारिणी एवं शक्ति केंद्रों के गठन की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत मंडलों में प्रवासी नियुक्त कर संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में प्रदीप चौधरी को भोपुरा मंडल का प्रवासी नियुक्त किया गया है। प्रवास के दौरान उन्होंने मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, पार्षद रेखा गोस्वामी, राजकुमार चंदेला, उदयवीर भोला, जितेंद्र सेन, संदीप जाटव, धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक तोमर, कपिल मावी, राहुल शर्मा सहित अन्य प्रमुख कार्यकताओं से विचार-विमर्श कर स्थानीय सामाजिक समीकरणों एवं संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार संवाद स्थापित किया। प्रवासी प्रदीप चौधरी ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद कसाना, ओमेंद्र कसाना, पार्षद यशपाल पहलवान, पिंकी संदीप सरदार, मनोज कसाना, अंकित गिरी, दीपक उपाध्याय, योगेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजनों के साथ वार्ता कर वार्ड एवं शक्ति केंद्र स्तर पर सक्रिय कार्यकताओं की जानकारी प्राप्त की।

